प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक — केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी



परिवर्तन के लिए बंगाल में ''उत्तर प्रदेश मॉडल'' की चुनावी गूंज पेज- 2

www.newswani.in

पेज- 8 घरेलू कलह के चलते महिला ने लगाई फांसी

वर्ष : 15 अंक : 117 शनिवार 18 अप्रैल 2026 डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 पृष्ठ 08 मूल्य 1.00 रुपया

## मेरे मित्र मोदी से बातचीत बहुत अच्छी रही : डोनाल्ड ट्रंप

(एजेंसी) वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि उनकी अपने मित्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। ट्रंप ने मंगलवार को दोनों नेताओं के बीच फोन पर हुई बातचीत का जिक्र करते हुए यहां संवाददाताओं से कहा, मेरी उनसे बहुत अच्छी बातचीत हुई। वह मेरे मित्र हैं और बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। हमारी बातचीत बहुत अच्छी रही। ट्रंप ने मंगलवार को मोदी को फोन कर द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की थी और पश्चिम एशिया की स्थिति पर विचार साझा किए थे, जहां अमेरिका और इजराइल ने ईरान के खिलाफ युद्ध छेड़ा है। अमेरिका और ईरान ने सात अप्रैल को दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा की थी। इस युद्ध के कारण गैस के दाम बढ़ गए हैं। दरअसल ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री मार्ग बंद कर दिए हैं। यह जलडमरूमध्य वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए अहम संकरा रास्ता है। ट्रंप और मोदी के बीच मंगलवार को बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला एवं सुरक्षित बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर के अनुसार, 40 मिनट तक चली बातचीत का समापन ट्रंप ने मोदी से यह कहते हुए किया, हम सब आपसे प्यार करते हैं। मंगलवार को फोन पर हुई बातचीत, 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ अमेरिका–इजराइल युद्ध शुरू होने के बाद दोनों नेताओं के बीच दूसरी बातचीत थी।



## दिल्ली को मिला बड़ा तोहफा, सीएम रेखा गुप्ता ने 200 ई-बसों को दिखाई हरी झंडी

(एजेंसी) नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को पूर्वी विनोद नगर डिपो से 200 इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद कहा कि उनकी सरकार दिल्ली के सार्वजनिक परिवहन को पूरी तरह से इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) में बदलने के लिए मिशन मोड में काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कहा कि इन बसों के शामिल होने से राजधानी में सार्वजनिक परिवहन के बेड़े में शामिल 6,300 बसों में से इलेक्ट्रिक बसों की संख्या 4,550 हो गई है। गुप्ता ने दिल्ली–रोहतक अंतरराज्यीय बस सेवा को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और मदनपुर खादर बस टर्मिनल एवं पूर्वी विनोद नगर डिपो में एक नए भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ई–बसें विकसित दिल्ली के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेंगी और प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई में भी सहायक होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) हर महीने नयी बसें चला रहा है या नए कार्यालयों के उद्घाटन कर रहा है। उन्होंने कहा, हमारी पूरी सरकार दिल्ली में बेहतर सरकारी कार्यालयों के लिए काम कर रही है, जिससे अंततः एक बेहतर शहर के निर्माण में मदद मिलेगी। गुप्ता ने कहा कि दिल्ली की इलेक्ट्रिक वाहन नीति देश में सबसे प्रभावी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी पिछले कई वर्षों से वायु प्रदूषण की समस्या से जूझ रही है, लेकिन पिछली सरकारों ने कोई उचित योजना नहीं बनाई। दिल्ली में प्रदूषण–मुक्त सार्वजनिक परिवहन की दिशा में एक और बड़ा कदम। मुख्यमंत्री एक्स पर कहा, हमारी सरकार मिशन मोड में दिल्ली के सार्वजनिक परिवहन को पूरी तरह ईवी में परिवर्तित करने की दिशा में कार्य कर रही है। दिल्ली में ईवी बसों की संख्या 4500 से अधिक हो चुकी है और 2026 के अंत तक इसे 7000 तक पहुंचाने का लक्ष्य है।



## संसदीय इतिहास में पहली बार मनोनीत सांसद हरिवंश निर्विरोध बने उपसभापति, पीएम मोदी ने दी बधाई



(एजेंसी) नई दिल्ली। मनोनीत सांसद हरिवंश नारायण सिंह ने आज इतिहास रच दिया है, उन्हें शुक्रवार को राज्यसभा का उपसभापति निर्विरोध निर्वाचित किया गया।। बता दें कि विपक्ष की तरफ से कोई उम्मीदवार न उतारे जाने के कारण हरिवंश नारायण सिंह का निर्विरोध चुना जाना पहले ही तय हो गया था, जिसकी शुक्रवार सुबह औपचारिक घोषणा हुई है। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरिवंश को तीसरे कार्यकाल के लिए राज्यसभा का उपसभापति चुने जाने पर बधाई दी। दरअसल, पत्रकारिता से राजनीति में आए हरिवंश का यह उपसभापति के रूप में तीसरा कार्यकाल है। राज्यसभा के उपसभापति का पद हरिवंश का उच्च सदन में कार्यकाल नौ अप्रैल को समाप्त होने के बाद रिक्त हो गया था। इसके बाद उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्यसभा के लिए मनोनीत किया। हरिवंश ने 10 अप्रैल को उच्च सदन की सदस्यता की शपथ ली। केंद्रीय मंत्री और सदन के नेता जे. पी. नड्डा ने हरिवंश को राज्यसभा का उपसभापति निर्वाचित किए जाने के लिए पहला प्रस्ताव पेश किया, जिसका समर्थन एस फांग्नोन कोन्यक ने किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने हरिवंश को उपसभापति के पद पर उनके निर्वाचन पर बधाई दी। यह पहली बार है जब किसी मनोनीत सदस्य को उपसभापति चुना गया।

## डिंपल यादव का बीजेपी पर हमला, महिला आरक्षण 'मुखौटा', असली मकसद परिसीमन से सत्ता मजबूत करना



(एजेंसी) नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी (सपा) की सांसद डिंपल यादव ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महिला आरक्षण का मुखौटा पहनकर परिसीमन के जरिये खुद को सशक्त बनाना चाहती है। उन्होंने लोकसभा में महिला आरक्षण अधिनियम से संबंधित श्संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026, परिसीमन विधेयक, 2026 और संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026 पर चर्चा में भाग लेते हुए यह दावा भी किया कि सरकार विधेयक को लेकर जल्दबाजी दिखा रही है क्योंकि वह जाति जनगणना के आंकड़ों के आधार पर परिसीमन नहीं चाहती। डिंपल ने कहा, सपा चाहती है कि इसमें ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) और अल्पसंख्यक महिलाओं को भी अलग से आरक्षण मिले...। सपा सांसद ने कहा कि सरकार का लक्ष्य जाति जनगणना के आंकड़े सामने आने से पहले, 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन करना है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा 2023 में महिला आरक्षण विधेयक लेकर आई तो उसकी सरकार पूर्ण बहुमत से सहयोगियों के भरोसे हो गई और अब वह दोबारा यह विधेयक लेकर आई है तो 2029 में उसकी सरकार जाने वाली है। डिंपल ने सत्तारूढ़ भाजपा पर आरोप लगाया, आप महिला आरक्षण का मुखौटा पहने हुए हैं और परिसीमन से अपने आप को सशक्त करना चाहते हैं।

## महिला आरक्षण बिल पर बोले राहुल गांधी, चुनावी मानचित्र को बदलने का प्रयास, विपक्ष इसे विफल करेगा



(एजेंसी) नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन से संबंधित विधेयक का महिला आरक्षण से कोई संबंध नहीं है, बल्कि भारत के चुनावी मानचित्र को बदलने का प्रयास है जो एक शर्मनाक कृत्य है। उन्होंने लोकसभा में महिला आरक्षण अधिनियम से संबंधित संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026, परिसीमन विधेयक, 2026 और संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026 पर चर्चा में भाग लेते हुए यह आरोप भी लगाया कि सरकार द्वारा जाति जनगणना को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा, पूरा विपक्ष मिलकर सरकार के इस प्रयास को विफल करने जा रहा है। उनका कहना था, कुछ सच्चाई यह सदन में बताने की जरूरत है। यह महिला आरक्षण विधेयक नहीं है, इसका महिलाओं के सशक्तीकरण से कुछ लेनादेना नहीं है। 2023 में जो पारित हुआ था वो महिला आरक्षण विधेयक था। उन्होंने आरोप लगाया कि यह भारत की महिलाओं के पीछे छिपकर देश के चुनावी मानचित्र को बदलने का प्रयास है। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह शर्मनाक कृत्य है क्योंकि यह सब भारत की महिलाओं के नाम पर किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जाति जनगणना को दरकिनार करने का प्रयास किया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि ओबीसी से उनका अधिकार छीनने का प्रयास किया जा रहा है, यही सरकार का एजेंडा है। उन्होंने दावा किया, श्सरकार ओबीसी भाइयों और बहनों को अधिकार देने से बच रही है।


## संसद में राहुल के बयान पर हंगामा: रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बोले

### देश से माफी मागेंय ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र

(एजेंसी) नई दिल्ली। लोकसभा में महिला आरक्षण लागू करने के लिए सीटों के परिसीमन से जुड़े तीन संशोधित विधेयकों पर चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। राहुल गांधी के एक बयान को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने–सामने आ गए। राहुल के बयान पर सत्ताधारी दल के सांसदों ने कड़ी आपत्ति जताई, जिसके बाद सदन में शोर–शराबा और नारेबाजी शुरू हो गई। उन्होंने सरकार से 2023 के महिला आरक्षण विधेयक को दोबारा लाने की मांग करते हुए कहा कि विपक्ष इसे तुरंत लागू कराने में पूरा सहयोग देगा। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को सत्ता और प्रतिनिधित्व देने से बचने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि यही सरकार की वास्तविक मंशा प्रतीत होती है। राहुल गांधी ने कहा, श्मैं वापस गार्डन वाली कहानी सुनाता हूं। दादी ने कहा था कि सुनो राहुल मैं चाहती हूं कि तुम अंधेरे में देखना सीखो। अंधेरा में ही असली ताकत है। यह बढ़िया पॉलिटिकल लेशन है। जो असली ताकत होती है वो छिप कर काम करती है अपने आप को दिखाती नहीं है। मैं यह इसलिए बता रहा हूं कि सभी जानते हैं एक पार्टनरशिप हमारे जादूगर और बिजनेसमैन के बीच है।श इस पर एनडीए सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया। राहुल ने कहा मैं पीएम का नाम नहीं ले रहा हूं। मैंने पीएम का नाम नहीं लिया। सर यह पार्टनरशिप मजबूत है, लेकिन छिपी है। जादूगर के पूरे इतिहास में यह ताकत छिपी है। जबसे वे यहां आए तब से यह चल रहा है। भाजपा जानती है कि यह बिल पास नहीं हो सकता। वे इतने बेवकूफ नहीं है वे जानते हैं। इसीलिए उन्होंने चुनावी नक्शा बदलने के लिए महिला आरक्षण का सहारा लिया। सच यह है कि जादूगर पकड़ा गया है। ऑपरेशन सिंदूर, नोटबंदी का जादूगर पकड़ा गया है। राहुल के जादूगर शब्द पर केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने आपत्ति जताई है। कहा–श्विपक्ष के नेता अनाप शनाप बातें कर रहे हैं। पीएम के लिए ऐसा बोलेंगे। वे चुने हुए लीडर हैं। राजनाथ बोले इस देश के पीएम के संबंध में जिस तरह के शब्दों का प्रयोग किया जा रहा है। इसकी घोर निंदा की जानी चाहिए। इस देश की जनता ने उन्हें पीएम बनाया है। राहुल ने जिन शब्दों का प्रयोग किया उसे सदन की कार्यवाही से बाहर निकाला जाए और राहुल माफी मांगे। रिजिजू बोले राहुल के भाषण से हमें आपत्ति नहीं है। वह कहते हैं कि आपॅरेशन सिंदूर एक जादू था, उसका मजाक बना रहे हैं। उसको जादू कहते हैं। रक्षामंत्री ने कहा है हम भी कह रहे हैं भाषण नियम के तहत दीजिए। बार–बार पीएम का मजाक उड़ाना गलत। पीएम आपका और मेरा नहीं है। स्पीकर ने आपत्तिजनक शब्दों को हटाया। राहुल ने फिर बोलना शुरु किया, उन्होंने कहा, दरअसल भाजपा के अंदर कंफ्यूजन चल रहा है। स्पीकर ने राहुल से बैठने को कहा। सदन में बोलते हुए राहुल गांधी ने जाति जनगणना के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि केवल जाति जनगणना शुरू करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह स्पष्ट होना चाहिए कि इसका उपयोग संसद और राज्य विधानसभाओं में प्रतिनिधित्व तय करने के लिए किया जाएगा या नहीं। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि वह जाति जनगणना को अगले कई वर्षों तक प्रतिनिधित्व से अलग रखने की योजना बना रही है, जो सामाजिक न्याय की भावना के खिलाफ है।







# सम्पादकीय

## बंगाल में ओवैसी की मुखरता

पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव की तारीखें जैसे–जैसे नजदीक आ रही है, वैसे–वैसे अभिषेक बनर्जी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के चुनाव प्रचार को आगे बढ़ाने वाली बड़ी हस्तियों में से एक बनकर उभर रहे हैं। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि तेज–तर्रार राजनीतिक संदेशों को जमीनी स्तर पर लोगों के साथ जोड़ते हुए, उनका चुनाव प्रचार एक ऐसी रणनीति को दिखाता है जो विपक्षी दलों के नैरेटिव का मुकाबला करने और साथ ही पार्टी के मूल जनाधार को मजबूत करने पर केंद्रित है। पश्चिम बंगाल में अभिषेक बनर्जी का चुनाव प्रचार राजनीतिक आक्रामकता, नैरेटिव पर नियंत्रण और सांगठनिक एकाग्रता का एक मिला–जुला रूप है। संस्थागत मुद्दों पर सवाल उठाने से लेकर विपक्षी गठबंधनों को निशाना बनाने और कल्याणकारी उपलब्धियों को उजागर करने तक उनका नजरिया इस चुनावी माहौल में टीएमसी की स्थिति को और मजबूत बना रहा है। कई सार्वजनिक सभाओं और बातचीत के दौरान, अभिषेक बनर्जी ने चुनाव प्रक्रिया के संचालन को लेकर गंभीर चिंताएं जताई हैं और चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं की निष्पक्षता पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग कॉम्प्रोमाइज्ड हो गया है और यह संकेत दिया कि चुनावी प्रक्रिया में सभी के लिए लेवल प्लेइंग फील्ड यानी समान अवसर का अभाव है। इन चिंताओं के बावजूद, उन्होंने विश्वास जताया कि तृणमूल कांग्रेस न केवल सत्ता में बनी रहेगी, बल्कि 2021 के विधानसभा चुनावों की तुलना में अपने प्रदर्शन में भी सुधार करेगी। वहीं बात अब एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की तो हैदराबाद से सांसद और एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी का कहना है कि जब तक मुसलमानों का अपना राजनीतिक नेतृत्व नहीं होगा, तब तक उनका उत्पीड़न नहीं रुकेगा। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर आरोप लगाया कि वह मुसलमानों को गाय–भैंस समझती हैं। इस दौरान ˙ असदुद्दीन ओवैसी ने पश्चिम बंगाल के विधानसभा को लेकर भी कई बातें कहीं। उन्होंने बताया कि वह पहले फेज में मालदा, मुर्शिदाबाद और आसनसोल प्रचार करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें चुनाव लड़ने पर गाली दी जा रही है। उन्होंने ममता बनर्जी की ओर से उन पर उंगली उठाए जाने पर कहा, बंगाल में भाजपा को ममता बनर्जी मजबूत कर रही हैं। 1977 में भाजपा के 4 विधायक थे। उनकी सरकार में आप रेल मंत्री बनीं। फिर जॉर्ज साहब का बहाना करके अलग हो गईं। आप फिर मंत्री बनीं, वह भी तब जब सारा देश गुजरात के नरसंहार पर उंगली उठा रहा था और अब आप मुझे पर उंगली उठा रहे हैं। ओवैसी ने ममता बनर्जी पर मुसलमानों को धोखा देने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा, ममता बनर्जी मुसलमानों के साथ गाय–भैंस की तरह बर्ताव करती हैं। दूध निकाल लेती हैं और फिर फेंक देती हैं। उनसे पूछा गया कि ममता बनर्जी ने आपको दो बार कुछ नाम दिए तो इस पर ओवैसी ने कहा, जो गाली देना है, दीजिए. बढ़–चढ़कर दीजिए लेकिन जिस दिन बिलकिस बानो तुम्हारे सामने आ जाएगी तो तुम आंख उठाकर नहीं देख पाओगे। आप मालदा, मुर्शिदाबाद के मुसलमानों के साथ जो हाल कर रही हैं, वह धोखा नहीं बर्बादी है। इसी के साथ ओवैसी ने भाजपा और कांग्रेस पर भी बड़ा हमला किया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा है कि बंगाल में समान नागरिक संहिता लागू करेंगे। भाजपा संविधान को कमजोर कर रही है लेकिन उत्तराखंड में वॉइस वोट में कांग्रेस ने यूसीसी बिल का समर्थन किया था। टीएमसी से निकाले गए हुमायूं कबीर को लेकर ओवैसी ने दावा किया कि उनके साथ उनका नाता खत्म हो गया है। बनारस में गंगा नदी पर हुई कथित बीफ पार्टी को लेकर ओवैसी ने कहा, एक पार्टी हुई जिसका कोई वीडियो नहीं है। कहा गया कि बीफ फेंका गया। अभी तक उनकी बेल नहीं हुई है। एक और पार्टी हुई जिसमें शराब परोसी गई लेकिन उनको कुछ नहीं हुआ। यहां सिर्फ मुसलमानों से नफरत की जाती है। ईरान जंग को लेकर ओवैसी ने केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आप आक्रमण करने वाले के साथ दिखाई दे रहे हैं। भारत तो ग्लोबल साउथ की आवाज था लेकिन अब आप देख ही रहे हैं तमाशा।


नफीस जाफरी

## ईरान बनाम इस्रायल-अमेरिका पोप की नसीहत और कसमसाता तुर्किये

डॉ. सुधीर सक्सेना

अमेरिका की हालत आज उस रस्सी की तरह है, जिसका सिरा जल जाये, मगर उसकी ऐंठन न जाये। इस्लामाबाद में हुई वार्ता की विफलता के लिये भी राष्ट्रपति ट्रंप का गरूर और ज़िद जिम्मेदार है, जबकि उनकी सनक और खब्त के फलस्वरूप अमेरिका के भीतर और बाहर उनका विरोध बढ़ता जा रहा है। ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, स्पेन, इटली, कोलंबिया और मेक्सिको के राष्ट्राध्यक्षों को छोड़ भी दें तो कैथोलिक – ईसाइयोंर के सर्वोच्च धर्मगुरु पोप पॉल चौदहवें ने भी ट्रंप की तीखी आलोचना की है। गौरतलब बात यह है कि पोप पॉल की नसीहत को गंभीरता से लेने या मानने के विपरीत ट्रंप ने पोप पॉल का मखौल उड़ाते हुये बेहद तीखी बातें कहीं हैं। वह यह नहीं समझ पा रहे हैं कि होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी से परिस्थितियां और पेचीदा तथा बेकाबू होंगी और एशियाई तथा योरोपीय देशों में अमेरिका के प्रति विरोध की भावना में ज्वार आयेगा। अगर्चे अमेरिका इसमें विफल रहता हैं, तो भी होर्मुज के ईरानी आधिपत्य में जाने से अमेरिका को फजीहत और घाटे का सामना करना पड़ेगा। अमेरिका के लिये सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि ईरान घुटने टेकने के बजाय तबाही का सामना करने को तैयार है। सन 1948 में अपने जन्मकाल के बाद से ही युद्ध झेल रहे इस्रायल का पिछली सभी लड़ाइयों में श्अपर हैंडश रहा है, किंतु इस दफा उसे पहली बार गंभीर क्षति हुई है। ईरान ने राजधानी तेल अवीव ही नहीं, हैफा और येरूशलम तक मार की है और समूचा इस्रायल उसकी जद में है। हूती, हिजबुल्लाह और हमास ईरान के साथ हैं और इस्लामी विश्व का शिया और सुन्नी धड़े में विभाजन नहीं होना इस्रायल – अमेरिका धुरी के लिये चिंता का सबब है। इस असमाप्त जंग का ताजा अहम पहलू यह है कि इस्रायल को सबक सिखाने के लिये तुर्किये कसमसा रहा है। तुर्क–राष्ट्रपति तैयप एर्दोगान इस्रायल को उसकी औकात बताने की बात कर रहे है। इस्रायल के मंत्री इतामार बेन ग्वीर ने जहां एर्दोगान पर अशोभन–टिप्पणी की है, वहीं नेतन्याहू ने कुर्दों के नरसंहार के लिये एर्दोगान को आड़े हाथों लिया है। गौरतलब है कि इस्तांबुल में तुर्किये अभियोजन प्राधिकरण ने नेतन्याहू, गवीर, काट्ज और ताली गोटलीब समेत 35 इस्रायलियों के खिलाफ इस्तगासा दाखिल कर करीब पाँच हजार साल तक की मांग की है। ताजा जंग से ओमान, यूएई, सऊदी अरब, कतर, बहरीन आदि में भय और बेचौनी है, वहीं आस्ट्रिया, स्विटरलैंड, इटली, स्पेन, ब्रिटेन एवं फ्रांस के अमेरिका को सहायता से हाथ खींचने से अमेरिका सांसत में है।

# परिवर्तन के लिए बंगाल में "उत्तर प्रदेश मॉडल" की चुनावी गूंज


गुलफिशा खान

पश्चिम बंगाल के होने वाले विधानसभा चुनाव में बात पहले स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर की और बात में बंगाल के चुनाव प्रचार में उतरे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तो मालूम हो कि पश्चिम बंगाल का विधानसभा चुनाव काफी दिलचस्प होने वाला है। वह इसलिए क्योंकि इस बार का चुनाव शायद उन 294 सीटों के गणित से तय न हो, जिनका जिक्र चुनावी भाषणों में ज्यादा होता है। बल्कि, यह उन करीब 65–70 सीटों से तय हो सकता है, जहां जीत और हार का फैसला कुछ ही बूथों के अंतर से होता है और जहां वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर ने अचानक चुनावी मैदान का नक्शा ही बदल दिया है। इनमें नंदीग्राम से भवानीपुर जैसी अहम सीटें शामिल हैं। इनमें उत्तरी 24 परगना का मतुआ बेल्ट भी आता है। साथ ही मुर्शिदाबाद और मालदा के वे इलाके भी आते हैं, जहां अल्पसंख्यकों की आबादी ज्यादा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में यहां की विधानसभा सीटों में हार–जीत का अंतर 8 हजार से 15 हजार था। 2021 के विधानसभा चुनावों में इन इलाकों में कई विधायक 1 हजार से 8 हजार वोटों के अंतर से बमुश्किल जीत पाए थे। और अब वोटर लिस्ट से हजारों नाम गायब हो गए हैं। यही वजह है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस बार 2021 से भी बड़ी जीत का दावा कर रही हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दावा कर रहे हैं कि पिछली बार भाजपा 77 सीटें जीती थीं लेकिन इस बार 170 सीटों का आंकड़ा पार कर लेगी। दोनों ही पार्टियां एक–एक बूथ, एक–एक हटाए गए वोटर और एक–एक करीबी मुकाबले वाली सीट के लिए लड़ रही है। 7 अप्रैल तक पूरे बंगाल में 90.83 लाख से ज्यादा नाम हटाए गए हैं। यानी, पिछले अक्टूबर तक जितने वोटर थे, उनमें से 11.85 प्रतिशत का नाम हट चुका है। इनमें से 27.83 लाख नाम अकेले अंडर एडजुडिकेशन यानी जांच के दायरे में श्रेणी में हटाए गए हैं। बहरहाल, अब बात उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तो गौरतलब है कि चुनावी राजनीति में अक्सर आजमाकर देखने के तरीके को सबसे असरदार माना जाता है। कई बार ऐसा भी होता है जब किसी पुरानी और आजमाई हुई रणनीति को दोहराने से अच्छे नतीजे मिल सकते हैं। पिछले चुनावों में, खासकर 2019 के लोकसभा चुनाव और 2021 के विधानसभा चुनाव में योगी आदित्यनाथ पश्चिम बंगाल में भाजपा के लिए स्टार प्रचारक बनकर उभरे थे। लेकिन, इस बार ऐसा लगता है कि भाजपा ने अपनी रणनीति में थोड़ा बदलाव किया है. पार्टी ने इस बार बदलाव के मुद्दे पर ज्यादा जोर दिया है। इसी कड़ी में भाजपा ने पूरे राज्य में परिवर्तन यात्राएं निकाली हैं। 2019 के चुनाव प्रचार में जय श्री राम का नारा छाया हुआ था। लेकिन इस बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी का संदेश नए बंगाल के वादे, एक दूसरी नवजागरण की लहर, और राज्य में विकास लाने वाली डबल–इंजन सरकार के विचार पर ज्यादा केंद्रित नजर आती है। हालांकि इसके बाद भी चुनाव प्रचार की पृष्ठभूमि में हिंदुत्व भाजपा के प्रचार अभियान का एक मुख्य वैचारिक स्तंभ बना है। पार्टी नेताओं का मानना है कि बंगाली समाज के कुछ वर्गों में, विशेष रूप से उत्तरी बंगाल के ग्रामीण और सीमावर्ती जिलों में, जो बांग्लादेश से सटे हैं, हिंदू पहचान की राजनीति का आकर्षण अब भी प्रासंगिक है। यहां हिंदुत्व भाजपा समर्थकों के लिए प्रेरणादायक तत्व बना हुआ है। इस संदर्भ में योगी आदित्यनाथ को एक बड़ी हस्ती माना जाता है। योगी को लगभग हिंदुत्व की राजनीति का एक ब्रांड एंबेसडर माना जा रहा है। पारंपरिक रूप से उन्होंने पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती जिलों में चुनाव प्रचार करना अधिक पसंद किया है, जहां वे बंगाली पहचान को हिंदू राष्ट्रवाद की एक व्यापक विचारधारा से जोड़ने की बात करते दिखे। योगी आदित्यनाथ ने 12 अप्रैल को बंगाल विधानसभा




चुनाव 2026 का अपना प्रचार अभियान शुरू किया। उन्होंने बांकुरा के सोनामुखी, नंदकुमार और कांथी दक्षिण जैसे इलाकों में रैलियों को संबोधित किया। बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को होने वाले चुनावों से पहले योगी आदित्यनाथ की 20 से ज्यादा रैलियां निर्धारित हैं। भाजपा का लक्ष्य उन क्षेत्रों में अपने समर्थन आधार को मजबूत करना है, जहां हिंदू आबादी काफी ज्यादा है। उम्मीद है कि उनके भाषणों में षहिंदुओं की सुरक्षा, कथित कानून–व्यवस्था के मुद्दों पर तृणमूल कांग्रेस की आलोचना, और बांग्लादेश तथा पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों में अल्पसंख्यक समुदायों की स्थितियों पर जोर दिया जाएगा। इसका व्यापक उद्देश्य ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ भाजपा की स्थिति को मजबूत करना है। यह दौरा उत्तर प्रदेश में हाल ही में शुरू की गई एक पहल के बाद हो रहा है, जहां बांग्लादेशी शरणार्थी हिंदू परिवारों को जमीन बांटी गई थी। इस कदम ने बंगाल में उनके जनसंपर्क अभियान के लिए एक शरणार्थी–समर्थक माहौल तैयार किया है। उत्तर प्रदेश में, योगी आदित्यनाथ ने एक मजबूत और निर्णायक नेता की छवि बनाई है, जिसे अक्सर बुलडोजर राजनीति से जोड़ा जाता है। इसका तात्पर्य अवैध निर्माणों को गिराने, कथित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ कार्रवाई करने, और प्रशासन द्वारा असामाजिक तत्वों तथा माफिया गतिविधियों के रूप में वर्णित चीज़ों पर व्यापक नकेल कसने से है। उन्होंने सामाजिक और कानूनी मुद्दों पर भी अपना पक्ष रखा है, जिसमें तीन तलाक का विरोध, व्यक्तिगत कानूनों में सुधार की वकालत, और समान नागरिक संहिता के विचार का समर्थन शामिल है। इस विचार का जिक्र पश्चिम बंगाल के लिए भाजपा के संकल्प पत्र (घोषणापत्र) में भी मिलता है। बंगाल में, जहां पारंपरिक रूप से मुस्लिम मतदाता कुल मतदाताओं का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा रहे हैं। हाल ही में मतदाता सूची में हुए बदलावों के कारण मतदाताओं की सटीक बनावट को लेकर अनिश्चितता पैदा हो गई है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी मतदाताओं को और भी ज्यादा ध्रुवी.त कर सकती है, जिससे संभवतः हिंदू वोट भाजपा के पक्ष में एकजुट हो सकते हैं। यहां यह बताते चलें कि कुछ दिन पहले भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष ने वादा किया था कि अगर भाजपा सत्ता में आती है, तो बंगाल में यूपी–ब्रांड की राजनीति देखने को मिलेगी। भाजपा नेता दिलीप घोष ने कहा, 4 मई के बाद सब कुछ बदल जाएगा। आज आप जिस पुलिस को माफियाओं के साथ बैठकर चाय पीते और भ्रष्ट नेताओं के चमचे बनकर काम करते देखते हैं, उसका चरित्र पूरी तरह बदल जाएगा। वही पुलिस, उत्तर प्रदेश के अंदाज में अपराधियों का एनकाउंटर करेगी और उन्हें सलाखों के पीछे डालेगी। इससे हम एक अहम सवाल पर आते हैं– क्या उत्तर प्रदेश का बुलडोजर मॉडल बंगाल के सामाजिक–राजनीतिक माहौल में काम कर सकता है? ममता बनर्जी का जवाब साफ है– नहीं। उनका और उनकी पार्टी का कहना है कि भाजपा ने पहले भी बंगाल में इस तरीके को आजमाया है, लेकिन यह कामयाब नहीं रहा। तृणमूल कांग्रेस के मुताबिक, पश्चिम बंगाल जैसे मिले–जुले और सांस्.तिक रूप से अलग–अलग तरह के लोगों वाले राज्य में सख्त और जबरदस्ती वाला राजनीतिक तरीका थोपने की कोशिश उलटी पड़ सकती है। हालांकि, बंगाल भाजपा के अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी की बुलडोजर राजनीति के खिलाफ एक नकारात्मक प्रचार अभियान चलाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, बुलडोजर असल में माफिया राज और जंगल राज के खिलाफ है, दादागिरी के खिलाफ है। हम कानून का सुशासन लाना चाहते हैं। हालांकि बंगाल चुनाव प्रचार में योगी आदित्यनाथ के आने के बाद अभिषेक बनर्जी समेत कई टीएमसी नेताओं ने चुनावी माहौल को बदल दिया। जय प्रकाश मजूमदार और कुणाल घोष जैसे नेताओं ने तर्क दिया है कि बंगाली समाज मूल रूप से अनेकतावादी और सबको साथ लेकर चलने वाला है। उनके मुताबिक, बंगाली हिंदुओं की पहचान किसी संकीर्ण या अलग करने वाली पहचान से नहीं होती, बल्कि एक मिली–जुली, सांस्.तिक रूप से कई परतों वाली और ऐतिहासिक रूप से सबको साथ लेकर चलने वाली सोच से होती है। उनका मानना है कि ऐसे समाज पर कोई ध्रुवी.त और सख्त वैचारिक ढांचा थोपना नुकसानदायक हो सकता है। अगर कोई यह समझने की कोशिश करे कि योगी आदित्यनाथ से जुड़ी यह स्टीमरोलर या बुलडोजर–शैली की राजनीति पश्चिम बंगाल में क्यों काम नहीं कर सकती, तो इसका जवाब बंगाल के समाज और इतिहास की तरह ही बहुत गहरा है। यह विविधता बौद्धिक चर्चाओं में भी झलकती है। अमर्त्य सेन ने अपने कई लेखों में इस बात पर जोर दिया है कि बंगाल की पहचान को किसी एक धार्मिक या सांस्.तिक कहानी तक सीमित नहीं किया जा सकता। बंगाली पहचान, किसी भी कठोर और एकतरफा कहानी का विरोध करती है, एक लंबे और कई परतों वाले इतिहास से बनी है। चाहे मध्यकालीन समय हो या आधुनिक, यह बहुलवादी चरित्र हमेशा बना रहा है। आज, पश्चिम बंगाल में हिंदू और मुसलमान दोनों ही एक–दूसरे से गहरे जुड़े हुए सांस्.तिक परिवेश को साझा करते हैं। 1940 के दशक के सांप्रदायिक तनावों की यादें आज भी मौजूद हैं, लेकिन भारत के संवैधानिक धर्मनिरपेक्ष ढांचे से प्रेरित होकर साथ मिलकर रहने की एक मज़बूत प्रतिबद्धता भी मौजूद है। ठीक इसी जटिलता की वजह से बंगाल में किसी एक जैसे, सख्त राजनीतिक मॉडल को लागू करना मुश्किल हो जाता है। राज्य का सामाजिक ताना–बाना आक्रामक, एकतरफा बातों से आसानी से प्रभावित नहीं होता। इसके बजाय, यह उन बातों पर प्रतिक्रिया देता है जिनमें इसकी विविधता, इतिहास और मिली–जुली पहचान को स्वीकार किया जाता है। असल में, भाजपा की रणनीति एक पतली डोरी पर चलने जैसी लगती है, जिसमें वह अपने विकास के एजेंडे और अपनी मूल विचारधारा के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रही है। यह अभी भी साफ नहीं है कि यूपी–स्टाइल का शासन मॉडल और चुनाव प्रचार का तरीका बंगाल की अनोखी राजनीतिक संस्.ति के साथ तालमेल बिठा पाएगा या नहीं। जैसे–जैसे चुनाव प्रचार तेज होगा, इस सवाल का जवाब शायद भाषणों में नहीं, बल्कि पश्चिम बंगाल के बैलेट बॉक्स में सामने आएगा।

# बंगाल-मुस्लिम सीटों पर कांग्रेस का फोकस, ममता के लिए ख़तरे की घंटी!


फरीद वारसी

पश्चिम बंगाल में पॉयला बैसाख यानी बंगाली नववर्ष के मौके पर जहां एक ओर शुभकामनाओं का दौर चला, वहीं दूसरी ओर राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नववर्ष की बधाई देते हुए एक बार फिर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन मुद्दे पर भाजपा को निशाने पर लिया और इसे सीधे तौर पर "वोट के अधिकार पर हमला" करार दिया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर वीडियो संदेश जारी कर राज्यवासियों को 'शुभो नबोबोर्षो की बधाई दी, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने गंभीर आरोप भी लगाए। ममता बनर्जी ने कहा, "कुछ अशुभ शक्तियां बंगाल को कलंकित करने में लगी हैं। दिल्ली के जमींदार लोगों का वोट का अधिकार छीन रहे हैं. याद रखिए, इसका जवाब लोकतांत्रिक तरीके से देना होगा।" जहां तक पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनावों का सवाल है तो मालूम हो कि पश्चिम बंगाल में वैसे तो मुख्य मुकाबला तृणमूल कांग्रेस और भाजपा का दिखाई दे रहा है मगर जो हर वक्त दिखता है वो सब सही नहीं होता है,इसी तरह पश्चिम बंगाल में कई तरह का मुकाबला चल रहा है और ऐसा ही एक मुकाबला है मुस्लिम वोटों को लेकर। राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल में रैली करना शुरू कर दिया है उन्होंने रायगंज,मालदा और मुर्शिदाबाद में रैलियां की। ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस फिलहाल इन्हीं इलाकों पर अपना फोकस रखना चाहती है क्योंकि रायगंज से प्रियरंजन दासमुंशी जीतते रहे फिर उनके निधन के बाद उनकी पत्नी दीपा दासमुंशी 2009 में सांसद भी रही। मालदा हमेशा से कांग्रेस का गढ़ रहा है एबीए गनी खान चौधरी से लेकर अभी तक यहां की एक सीट से कांग्रेस का सांसद रहा है। इस वक्त भी ईशा खान चौधरी मालदा दक्षिण से सांसद हैं। और अभी भी उन्हीं की परिवार की मौसम नूर जो पहले कांग्रेस फिर तृणमूल कांग्रेस से राज्यसभा सांसद रहीं मगर चुनाव के पहले राज्यसभा से इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हुईं और मालदा के मालतीपुर





से चुनाव लड़ रहीं है। कांग्रेस जिस तीसरे इलाके पर फोकस कर रही है वो है मुर्शिदाबाद जहां के बहरामपुर से इस बार बंगाल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी चुनाव लड़ रहे हैं। बंगाल में कांग्रेस अधीर रंजन चौधरी के नाम से जानी जाती रही है जो 1999 से 2024 तक लगातार सांसद रहे मगर 2024 में युसुफ पठान से हारने के बाद अब विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस बंगाल मे 20 साल बाद अकेले चुनाव लड़ रही है और अपने पैरों पर खड़ा होना चाहती है। इसी लिए राहुल गांधी ने इन्हीं जगहों को अपनी मीटिंग के लिए चुना। राहुल अपनी मीटिंग में भाजपा को भला बुरा तो कहते ही हैं, ममता बनर्जी को आड़े हाथों लेना नहीं भूलते। राहुल अपनी मीटिंग में तृणमूल कांग्रेस पर जोरदार हमला करते हैं। जैसे मुर्शिदाबाद की रैली में उन्होंने कहा कि टीएमसी अपनी ज़िम्मेदारी पूरी नहीं कर रही,नफरत फैलाती है,फैक्ट्री बंद करवा दी उसने। राहुल गांधी ने कहा कि बंगाल में भ्रष्टाचार फैला है। शारदा जैसे स्कैम हुए बेरोजगारी स्कैम जिसमें टीएमसी नौकरी खा गई। यहां गुंडा टैक्स चलता है.ये टीएमसी है। यदि आप टीएमसी के किसी नेता को नहीं जानते तो आपका कोई काम नहीं होगा। आप अपने घर में मरम्मत भी बिना टीएमसी के गुंडे के मर्जी के नहीं करवा सकते। राहुल गांधी अपनी में कहते हैं कि टीएमसी सिंडिकेट बंगाल को चलाता है। 84 लाख युवा बेरोजगारी भत्ता का फार्म भर रहे हैं। मतलब यहां कितनी बेरोजगारी है। इस तरह से राहुल गांधी अपनी सभा में टीएमसी की बखिया उधेड़ने से नहीं चूकते। इस सब का मतलब ये हुआ कि कांग्रेस मालदा और मुर्शिदाबाद में अपनी पूरी ताकत झोंक कही हैं। यहां लड़ाई है मुस्लिम वोटों की जिस पर अभी तृणमूल कांग्रेस का कब्जा है। यदि मुर्शिदाबाद की बात करें जहां राहुल गांधी की रैली हुई तो यहां पर विधानसभा की 22 सीटें हैं जिनमें से 20 टीएमसी के पास है और 2 भाजपा के पास। पहले यह कांग्रेस का गढ़ होता था और अधीर रंजन चौधरी यहां से लोकसभा का चुनाव जीतते थे। पिछला लोकसभा चुनाव अधीर हार गए और अब विधानसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। यहीं पर ओवैसी घूम रहे हैं और यहीं पर हुमायूं कबीर भी हैं। हालांकि ओवैसी ने उनसे अपना गठबंधन तोड़ लिया है। मुर्शिदाबाद में 60 फीसदी आबादी मुस्लिम है और एसआईआर में नाम भी सबसे ज्यादा यहीं कटे हैं यही हाल मालदा का है जहां 50 फीसदी आबादी मुस्लिम है। कांग्रेस यहीं जोर लगा रही है और यदि कांग्रेस यहां अच्छा करती है तो ममता बनर्जी को नुकसान होगा। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी का कहना है कि किसका कितना नुकसान होगा ये हमें नहीं देखना, हमें तो अपने पार्टी को मजबूत करना है,हमें अपने आप को मजबूत करना है। हम किसी की बैसाखी नहीं बनना चाहते,हम अपने दम पर लड़ेंगे। जाहिर है यदि कांग्रेस अपने पैर पर खड़ी होती है तो तृणमूल के लिए खतरे की घंटी होगी। मगर यहां ये भी देखना होगा कि प्रियंका बंगाल में प्रचार करने आती हैं या नहीं और राहुल गांधी अपने आप को मुर्शिदाबाद ,मालदा और रायगंज तक ही सीमित रखते हैं या बाकी जगहों पर भी प्रचार करने जाते हैं क्योंकि राहुल गांधी बंगाल में जितना घूमेंगे मुस्लिम वोटों के लिहाज से तृणमूल के लिए उतनी ही मुश्किलें खड़ी करेंगे।

# सामाजिक दायित्व की संकुचित समझ की मिसाल

समीर

तेलंगाना विधानसभा ने श्कर्मचारी उत्तरदायित्व एवं माता–पिता की सहायता निगरानी अधिनियम बिल–2026य को मंजूरी दे दी है। इसमें प्रावधान है कि राज्य में सरकारी या निजी क्षेत्र के जो कर्मचारी अथवा जन प्रतिनिधि अपने माता–पिता की देखभाल नहीं करेंगे, उनकी तनख्वाह में से 15 प्रतिशत या 10,000 रुपये (इनमें जो कम होगा) काट कर उसे उनके माता–पिता को दे दिया जाएगा। राज्य सरकार का दावा है कि इस तरह वह 2007 में माता– पिता तथा वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल एवं कल्याण के लिए बने केंद्रीय कानून से आगे गई है। इस तरह उसने अपना सामाजिक दायित्व निभाया है। मगर यह सामाजिक दायित्व निभाने से कहीं ज्यादा निभाते हुए दिखने का प्रयास भर है।

एक समस्या यह है कि राज्य सरकार की सारी चिंता संगठित क्षेत्र में मौजूद कर्मचारियों के माता–पिता तक सीमित रह गई है। राज्य की कुल श्रम शक्ति में बमुश्किल 20 फीसदी कर्मचारी औपचारिक क्षेत्र में हैं। तो अनौपचारिक क्षेत्र के कर्मियों के माता–पिता की देखभाल कैसे होगी? वैसे भी पारिवारिक या सामाजिक जिम्मेदारी को निभाने के लिए किसी बाध्य करना समस्याग्रस्त सोच है। जो कठिनाइयां सामाजिक एवं पारिवारिक व्यवस्था में बुनियादी बदलाव से खड़ी हुई हैं, उनका अतीत से प्रेरित दृष्टिकोण से समाधान ढूंढना निरर्थक प्रयास है। तेलंगाना सरकार को ये कदम उठाने से पहले समीक्षा करनी चाहिए थी कि 2007 के केंद्रीय कानून से क्या हासिल हुआ? तब उसके सामने स्पष्ट होता कि बुजुर्गों की ऐसी देखभाल के लिए अलग उपायों की जरूरत है, जिससे वे आत्म–सम्मान के साथ जी सकें। राज्य सरकार तेलंगाना में आधुनिक सुविधाओं एवं चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था के साथ सरकारी क्षेत्र में वृद्धावस्था आश्रमों का जाल बिछाने का फैसला करती, तो वह सारे देश के लिए एक मिसाल पेश कर सकती थी। इसके लिए प्रगतिशील कराधान से धन जुटाने की पहल सही सोच होती। लेकिन उसने जबरन तनख्वाह काट कर नकदी माता–पिता को देने का जो नजरिया अपनाया है, उससे वृद्धों को उपेक्षित जिंदगी जीने की समस्या से नहीं बचाया जा सकेगा। इस सतही प्रयास का अधिक से अधिक सीमित लाभ ही होगा। स्पष्टतरू यह सामाजिक दायित्व की संकुचित समझ की मिसाल है।

# शिक्षा को मिला नया आधार, उमरपुर स्कूल का हुआ कायाकल्प

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। ग्राम उमरपुर स्थित प्राथमिक शासकीय विद्यालय का जीर्णोद्धार पूर्ण होने के बाद उसका उद्घाटन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम अनुविभागीय अधिकारी शैलेन्द्र




कुमार सिंह एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) चरण सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। विद्यालय का नवीनीकरण मेरठ.हरिद्वार हाईवे प्राइवेट लिमिटेड (वर्टिस) द्वारा अपने सीएसआर के अंतर्गत कराया गया। समारोह में एनएचएआई पीआईयू मेरठ के परियोजना निदेशक अमित प्रणव, प्रबंधक (तकनीकी) साकेत मिश्रा, टीम लीडर शहजाद शाहिद, परियोजना वाइस प्रेसिडेंट सोमेश , प्रबंधक गोविंद कुमार सैनी तथा मोहम्मद फरमान (प्रभारी सिविल) सहित हाईवे प्रबंधन टीम के सदस्य मौजूद रहे। इसके अलावा विद्यालय की प्राचार्य अर्चना कुमारी, शिक्षिकाएं पूजा राज व दिव्या, अरुण कुमार, अमित कुमार, बबीता देवी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला है। विद्यालय के नवीनीकरण से बच्चों को बेहतर शैक्षिक वातावरण मिलेगा, जिससे उनके सर्वांगीण विकास को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने ग्रामीणों से बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। अंत में छात्र–छात्राओं को स्कूल बैग, नोटबुक एवं कंपास वितरित किए गए। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे और कार्यक्रम उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

# नामित सभासदों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

तंबौर, सीतापुर। आदर्श नगर पंचायत तंबौर अहमदाबाद के लिए शासन द्वारा नामित तीन सदस्यों को एक भव्य समारोह में उप जिलाधिकारी लहरपुर धामिनी एम० दास द्वारा शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष जयकुमार वर्मा थे। शुक्रवार को नगर पंचायत प्रांगण में एक भव्य समारोह में एसडीएम लहरपुर धामिनी एम० दास ने शासन द्वारा नामित सभासद राम सिंह, अजय पटेल व मनोज नाग को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। सभी सदस्यों ने ईश्वर के नाम पर शपथ ली। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयकुमार वर्मा ने सभी नामित सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी को पार्टी द्वारा एक नई जिम्मेदारी दी गई है नगर को साफ सुथरा और बेहतर बनाने व शासन की मंशानुरूप सभी योजनाओं को लागू कराने में अपना सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम को भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित सिंह सहित कई लोगों ने संबोधित किया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी अनूप राय ने सभी अतिथियों व नामित सदस्यों का माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से चेयरमैन तैय्बुन निशां, पूर्व चेयरमैन इश्तियाक खांन, चेयरमैन प्रतिनिधि दानिश कमाल, भाजपा बेहटा मंडल अध्यक्ष अमित सिंह, जिला पंचायत सदस्य राजकिशोर कनौजिया, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष सुरेंद्र रस्तोगी, व्यापार मंडल अध्यक्ष खुर्शीद गौरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष संकरन बालगोविंद मौर्य, गोपाल पांडेय सभी वार्डों के निर्वाचित सभासद सहित कस्बे के लोग भारी संख्या मे उपस्थिति रहे।




# महिला शौच जाते समय बेहोश, अस्पताल में भर्ती

## – ग्राम प्रधान ने निजी वाहन से पहुंचाया, डॉक्टर ने गर्मी से बचाव की सलाह दी

(संवाददाता) कानपुर देहात के राजपुर में शौच के लिए जा रही एक महिला अचानक बेहोश हो गई। उसे तुरंत ग्राम प्रधान की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के बाद उसे होश आ गया। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को राजपुर ब्लॉक क्षेत्र के रमऊ गांव निवासी अरुण कुमार ने बताया कि उनकी पत्नी सुनैना शौच के लिए शौचालय जा रही थीं। इसी दौरान वह अचानक बाहर गिर पड़ीं और बेहोश हो गईं। घटना की सूचना मिलने पर ग्राम प्रधान सैयद जमाल अहमद ने तत्काल अपने निजी वाहन से सुनैना को राजपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टर जी. पी. द्विवेदी ने उनका इलाज शुरू किया। इलाज के बाद महिला को होश आया। डॉक्टर ने बताया कि अत्यधिक गर्मी और रक्तचाप (बीपी) कम होने के कारण वह बेहोश हुई थीं। डॉक्टर द्विवेदी ने इस दौरान लोगों को जागरूक करते हुए सलाह दी कि गर्मी के मौसम में तरल पदार्थों का अधिक सेवन करें और पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं।



# जनगणना को सटीक बनाने की तैयारी, शुरू हुआ प्रशिक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। अपर जिलाधिकारी एवं जिला जनगणना अधिकारी वान्या सिंह के निर्देशन में जनपद के सभी तहसील एवं नगर निकाय स्तर पर प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण आगामी जनगणना कार्यों को शुद्धता एवं समयबद्धता के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। वान्या सिंह ने बताया कि जनगणना एक राष्ट्रव्यापी महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसकी सफलता पूरी तरह सटीक और विश्वसनीय आंकड़ों पर निर्भर करती है। इसी को ध्यान में रखते हुए शासन की मंशा के अनुरूप जिले में व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को जनगणना की बारीकियों, तकनीकी पहलुओं तथा मोबाइल ऐप के जरिए डेटा फीडिंग की प्रक्रिया से अवगत कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना में डिजिटल माध्यमों पर विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि डेटा संकलन में किसी प्रकार की त्रुटि न हो। प्रशिक्षण के दौरान फील्ड में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं और उनके समाधान पर भी विस्तार से चर्चा की गई। विभिन्न केंद्रों पर आयोजित सत्रों में तहसीलदारों एवं अधिशासी अधिकारियों ने मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया। प्रगणकों को निर्देशित किया गया कि वे घर–घर जाकर जानकारी एकत्र करते समय आमजन के साथ विनम्र व्यवहार रखें तथा प्रत्येक विवरण को सावधानीपूर्वक दर्ज करें। वहीं, जिला जनगणना अधिकारी ने स्पष्ट किया कि पर्यवेक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रगणक निर्धारित क्षेत्र के अनुसार कार्य करें और कोई भी परिवार गणना से वंचित न रह जाए। इस अवसर पर जिला प्रभारी जे.पी. यादव, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स सहित बड़ी संख्या में प्रगणक एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।



# एसएसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन में परेड की ली सलामी

## - फिटनेस व अनुशासन पर दिया जोर



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई तथा इसके उपरांत निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस बल को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रखने के उद्देश्य से दौड़ कराई गई तथा अनुशासन और एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई गई। परेड में पुलिस लाइन के पुलिस बल के साथ–साथ विभिन्न कार्यालयों में तैनात पुलिस कर्मियों ने प्रतिभाग किया, जिन्हें विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम भी कराए गए। इसके बाद यूपी–112 पीआरवी का निरीक्षण करते हुए दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट एड किट सहित अन्य संसाधनों की जांच की गई तथा उनकी नियमित साफ–सफाई, समुचित देखरेख और कुशल संचालन के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में आरटीसी कार्यालय, आरटीसी बैरक और मेस का निरीक्षण कर साफ–सफाई, गुणवत्ता और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। परेड के उपरांत पुलिस लाइन आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों की जांच की गई तथा पुलिस कर्मचारियों का अर्दली रूम कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। इस दौरान अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# चकरोड विवाद में प्रधान पर जानलेवा हमला, सात नामजद पर केस दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। सैदपुर थाना क्षेत्र के बड़नपुर गांव में शुक्रवार सुबह चकरोड विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। ग्राम प्रधान हरकेश गुप्ता पर आधा दर्जन से अधिक लोगों ने लाठी–डंडों और फावड़े से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, गांव में चार माह पहले बने चकरोड को कुछ लोगों द्वारा काटकर अपनी जमीन में मिला लेने का आरोप था। इस मामले को लेकर पहले प्रशासनिक अधिकारियों और ब्लॉक प्रमुख की मौजूदगी में समझौता हुआ था, जिसके बाद दो दिन पहले दोबारा चकरोड बनवाया गया था। शुक्रवार सुबह प्रधान को फोन कर मौके पर बुलाया गया। वहां पहुंचते ही कहासुनी शुरू हुई और देखते ही देखते हमला हो गया। प्रधान का आरोप है कि हमले में शामिल अजय यादव, जो उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही है, ने फावड़े से वार किया। घटना के बाद प्रधान समर्थकों के पहुंचने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल प्रधान को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सात नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी।



# अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल ने खोला मोर्चा

## - 24 घटे में कार्रवाई नहीं तो होगा विशालकाय प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो/लखीमपुर खीरी। लखीमपुर खीरी के नगर पंचायत ओयल में सड़क डिवाइडर पर लगी लोहे की जालियां लगातार हादसे का कारण बन रही है 15 अप्रैल की रात एकता नगर निवासी अमित शाह की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत के बाद लोगों में आक्रोश बढ़ गया जिस मामले को लेकर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल की विभाग महामंत्री संगीता गुप्ता ने अधिशासी अधिकारी ओयल को ज्ञापन देखकर जालियों को हटाने की मांग की है और चेतावनी दी है कि अगर 24 घंटे में कार्यवाही नहीं हुई तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि घनी जालियों के कारण सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते जिससे सड़क पार करना जोखिम भरा हो गया है और आए दिन एक्सीडेंट में लोगों की जाने जा रहे हैं।



# मिशन शक्ति की मानवीय पहल: पिता ने ठुकराया तो खाकी ने थामा बेसहारा बेटी का हाथ

## - लावारिस घूम रही किशोरी के लिए देवदूत बनीं महिला उपनिरीक्षक शिखा जायसवाल'

(संवाददाता) गोरखपुर। जिले के पिपराईच इलाके से ममता को शर्मसार और खाकी को गौरवान्वित करने वाली एक खबर सामने आई है। जहाँ एक तरफ सरकार श्बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओश का नारा दे रही है, वहीं एक पिता ने अपनी ही 17 वर्षीय बेटी को लावारिस हालत में सड़क पर छोड़ दिया। लेकिन संकट की इस घड़ी में मुख्यमंत्री के श्मिशन शक्तिश अभियान की टीम इस बेटी के लिए ढाल बनकर खड़ी हुई। थाना पिपराईच पुलिस को सूचना मिली कि एक किशोरी लावारिस हालत में क्षेत्र में भटक रही है। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम की महिला उपनिरीक्षक शिखा जायसवाल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुँचीं। जब पुलिस ने उस डरी–सहमी किशोरी से पूछताछ की, तो सच्चाई जानकर सबकी आँखें नम हो गईं। किशोरी ने बताया कि उसके पिता उसे चौरीचौरा इलाके में यह कहकर छोड़ गए कि अब घर वापस मत आना। वहाँ से भटकते हुए वह पिपराईच तक पहुँच गई थी। पुलिस ने जब किशोरी के पिता से मोबाइल पर संपर्क किया, तो पिता का रवैया बेहद क्रूर था। उसने अपनी बेटी को घर ले जाने से साफ इनकार कर दिया और अपना मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ के निर्देशन में चल रहे श्मिशन शक्ति फेज–05श के तहत, पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए किशोरी को सुरक्षित वन स्टॉप सेंटर, बीआरडी मेडिकल कॉलेज में दाखिल करा दिया है।इस सराहनीय कार्य में म0उ0नि0 शिखा जायसवाल और महिला कांस्टेबल सौरभ सिंह की मुख्य भूमिका रही। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# तीन साल के मासूम से कुकर्म, आरोपी गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

किरतपुर–बिजनौर। गांव आलमपुर गंगा में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। यहां एक 20 वर्षीय युवक ने 3 साल के मासूम




बच्चे के साथ कुकर्म की वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार आरोपी मासूम को टॉफी देने का झांसा देकर उसे एकांत स्थान पर ले गया, जहां उसने दरिंदगी की सारी हदें पार कर दीं। बच्चे की दर्दनाक चीख–पुकार सुनकर आसपास खेल रहे अन्य बच्चे मौके पर पहुंच गए। बच्चों को आते देख आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पीड़ित के पिता की तहरीर पर थाना किरतपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी लक्की सिंह को गिरतार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कुकर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। इस घटना के बाद गांव में भारी आक्रोश व्याप्त है।

# प्रशांत हत्याकांड : मंत्री का दौरा, परिवार को आर्थिक मदद व नौकरी का आश्वासन

फोटो परिचय–2

न्यूज वाणी ब्यूरो

चांदपुर–बिजनौर। गांव हैजरपुर में हुए प्रशांत सैनी हत्याकांड के बाद प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। मंत्री कपिल देव



अग्रवाल ने मृतक प्रशांत सैनी के परिवार को 5 लाख की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने मृतक के भाई की पढ़ाई का पूरा खर्च जिला प्रशासन द्वारा उठाए जाने का आश्वासन दिया। वहीं, मृतक की पत्नी को आउटसोर्सिंग के माध्यम से नौकरी दिलाने की भी बात कही गई। इस मौके पर जिलाधिकारी जसजीत कौर, पुलिस अधिकारी और अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने परिवार को सुरक्षा और न्याय दिलाने का भरोसा दिया। गौरतलब है कि प्रशांत सैनी की कुछ दिन पहले निर्मम हत्या कर दी गई थी, जिससे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। मंत्री के दौरे के बाद प्रशासन ने मामले में तेजी से कार्रवाई और पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता देने की बात दोहराई है।

# भागवत कथा भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

न्यूज वाणी ब्यूरो/जसवंतनगर, इटावा। बलरई विकास नगर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतर्गत आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दूर–दराज से पहुंचे भक्तों ने श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ प्रसाद ग्रहण किया। कथा के दौरान व्यास जी ने कहा



कि जो व्यक्ति सच्चे मन और श्रद्धा से भागवत कथा का श्रवण करता है, उसके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। उन्होंने बताया कि कथा सुनने के बाद प्रसाद ग्रहण करने से पुण्य की प्राप्ति और अधिक बढ़ जाती है। उनके प्रवचन को सुनकर श्रोता भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम में परीक्षित की भूमिका मुकेश पाठक व बीना पाठक द्वारा निभाई गई, जिन्हें श्रद्धालुओं ने सराहा। भंडारे के आयोजन और प्रसाद वितरण में ब्रजेश, योगेश, राकेश, विवेक, विपुल, आरती, शिवा व शिवम सहित करीब दो दर्जन लोगों ने सक्रिय सहयोग किया। पूरे आयोजन के दौरान व्यवस्थाएं सुचारू रहीं और श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्वक प्रसाद ग्रहण किया।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान

**फैसल चश्में वाले**

(साइन्टिफिक आप्टीशियन)

किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।

(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)

हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।

नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।

नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।

**फैसल चश्में वाले**

किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर

डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P | हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213 | एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# गंगा समग्र ने सौंपा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। विगत दिनों हुए आरपीएफ द्वारा पत्रकारों एवं महिला पत्रकार से धक्का मुक्की व अभद्रता मामले को लेकर आवश्यक कार्यवाही हेतु गंगा समग्र कानपुर प्रांत के जिला संयोजक महेश



प्रजापति ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। बताया गया कि 22 मार्च की रात्रि जनपद में रेलवे सुरक्षा बल के कुछ कर्मियों द्वारा पत्रकारों, विशेषकर एक महिला पत्रकार के साथ अभद्र व्यवहार एवं धक्का–मुक्की की गई। उक्त पत्रकार केवल एक घटना की जानकारी प्राप्त करने हेतु आरपीएफ पोस्ट पहुंचे थे। इस दौरान एएसआई संतोष कुमार द्वारा महिला पत्रकार के साथ दुर्व्यवहार, धमकी एवं मोबाइल छीनकर धक्का देने जैसी गंभीर घटनाएं की गईं। अन्य पत्रकारों के साथ भी अभद्र भाषा का प्रयोग एवं बलपूर्वक व्यवहार किया गया। पीड़ित पक्ष के अनुसार घटना के वीडियो साक्ष्य भी उपलब्ध हैं, इसके बावजूद विभागीय जांच में संबंधित कर्मियों को क्लीन चिट दे दी गई, जो कि निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। महेश प्रजापति ने कहा कि यह घटना न केवल पत्रकारों के सम्मान के विरुद्ध है, बल्कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर सीधा आघात है। इस दौरान उक्त प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराते हुए दोषी आरपीएफ कर्मियों एएसआई संतोष कुमार, सरून राजभर एवं सीसीआई राजकुमार राजपूत के विरुद्ध आवश्यक कठोर कार्यवाही करने की मांग की गई है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस मौके में जिला संयोजक महेश तिवारी जिला प्रभारी सुरेश कान्हा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश कुमार धुरिया जिला सह प्रभारी आलोक कुमार निगम जिला उपाध्यक्ष अनीता गुप्ता अधिवक्ता प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष दीपक शुक्ला युवा नगर अध्यक्ष गौरव वर्मा मौजूद रहे।

# 25 हजार के इनामिया वांछित गैंगस्टर अभियुक्तको पुलिस ने दबोचा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरतारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में गिरोह बनाकर चोरी, लूटपाट ,नकबजनी तथा हत्या का प्रयास आदि घटनायें कारित करने वाले गैंगस्टर एक्ट के 25 हजार के इनामिया वांछित अभियुक्त को थाना नरैनी पुलिस द्वारा गिरतार कर




लिया गया है। अभियुक्त गैंग बनाकर अपने अन्य साथियों के साथ, चोरी नकबजनी आदि की घटनाओं को अंजाम देता था जिसके सम्बन्ध में थाना नरैनी में गैंगस्टर एक्ट का अभियोग पंजी.त किया गया था जिसमें अभियुक्त वांछित चल रहा था। पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियुक्त की जल्द गिरतारी हेतु 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था जिसे थाना नरैनी पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम प्रसिद्धपुर राजापुर पहाड़ी मार्ग चित्रकूट से गिरतार किया गया। बता दे कि पूर्व में 07 मार्च को गैंग के एक अन्य सदस्य रवि पुत्र रामचन्द्र निवासी राजनगर थाना नरैनी को गिरतार कर जेल भेजा जा चुका है। पकड़े गए अभियुक्त अरूण पुत्र दशरथ निवासी ग्राम प्रसिद्धपुर थाना राजापुर पहाड़ी जनपद चित्रकूट शामिल है। पकडने वाली पुलिस टीम में संदीप तिवारी प्र0नि0 थाना नरैनी, उ0नि0 कल्बे अब्बास खां, हे0कां0 महेश कुमार, कां0 अनूप कुमार मिश्रा शामिल रहे।

# देवर ने भाभी की कुल्हाड़ी मारकर की हत्या

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। थाना मुर्तिहा को एक व्यक्ति द्वारा सूचना प्राप्त दी गई कि ग्राम धरमापुर में उसकी बहन को उसकी बहन के देवर व देवरानी ने सम्पत्ति के विवाद को लेकर कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी है, उक्त सूचना मुर्तिहा पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुँची, घटनास्थल का निरीक्षण एंव जाँच किया गया। मृतका के शव का पंचायतनामा कराते हुए उसे पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया, मृतका के भाई की तरफ से तहरीर प्राप्त हुई जिसमें यह तथ्य उल्लिखित था कि मृतका के देवर व देवरानी से सम्पत्ति के विवाद को लेकर कुल्हाड़ी से मारकर उसकी हत्या कर दिये, उक्त के आधार पर समुचित धाराओं में अभियोग पंजी.त करते हुए विवेचनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ की गयी, विवेचना से यह तथ्य प्रकाश में आया है कि मृतका के पति का 01 वर्ष पूर्व एक्सीडेण्ट में मृत्यु हो गयी थी, जिसमें किसान बीमा योजना के तहत 05 लाख रूपये मृतका को प्राप्त हुए थे तथा मृतका के पति के नाम जो जमीन थी वो भी मृतका के नाम आ गयी थी। इस बात व पैसे को लेकर मृतका के देवर दिनेश यादव व देवरानी से मृतका का विवाद चल रहा था, कल उक्त विवाद ज्यादा बढ़ गया इसी क्रम में मृतका के देवर दिनेश यादव व देवरानी ने मिलकर कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी, कोतवाली मुर्तिहा पुलिस टीम ने दोनो नामजद अभियुक्तों को हिरासत में ले लिया है, दोनो से पूछताछ की जा रही है और दोनों अभियुक्तो की निशादेही पर घटना से सम्बन्धित आलाकत्ल बरामद कर लिया गया है। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है, वर्तमान में मौके पर शान्ति व्यवस्था की स्थिति सामान्य है।

# 40.51 लाख की आबादी का बन रहा हेल्थ रिपोर्ट कार्ड - घर-घर दस्तक दे रहीं 3794 आशा कार्यकर्ता

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत के साथ ही ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं की बुनियाद मजबूत करने की कवायद तेज हो गई है। जिले की करीब 40.51 लाख आबादी को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए 3794 आशा कार्यकर्ता घर–घर जाकर विलेज हेल्थ इंडेक्स रजिस्टर (वीएचआईआर) सर्वे के तहत हर परिवार की सेहत की कुंडली तैयार कर रही हैं। यह सर्वे महज आंकड़ों का संकलन नहीं है, बल्कि पूरे साल गांव की चिकित्सकीय जरूरतों और मातृ–शिशु स्वास्थ्य की दशा–दिशा तय करने का मुख्य आधार है। डीसीपीएम मो0 राशिद के अनुसार, इस सर्वे के तहत प्रत्येक आशा कार्यकर्ता हर छह माह में अपने क्षेत्र के परिवारों का विवरण दर्ज करती है। इसी आधार पर 15–49 वर्ष के योग्य दंपतियों को परिवार नियोजन, गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीकरण व चार अनिवार्य जांचें, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का सम्पूर्ण टीकाकरण और कुपोषित बच्चों की पहचान सुनिश्चित की जाती है। उच्च जोखिम वाली गर्भवती और कम वजन वाले नवजातों की विशेष निगरानी भी इसी से होती है। इसके अलावा संचारी एवं गैर–संचारी रोगों की स्क्रीनिंग कर जरूरत पड़ने पर मरीजों को उच्च स्वास्थ्य संस्थानों के लिए रेफरल भी सुनिश्चित किया जाता है। सर्वेक्षण की गुणवत्ता जांचने का जिम्मा 156 आशा संगिनियों को सौंपा गया है। बीते वर्ष इन मोर्चों पर दिखी वीएचआईआर की सार्थकता– स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, वीएचआईआर सर्वे और ई–कवच की निरंतर निगरानी के चलते बीते वित्तीय वर्ष जिले में 140296 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, 100952 महिलाओं का सुरक्षित संस्थागत प्रसव तथा 125036 बच्चों का संपूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित किया गया। आशा कार्यकर्ताओं द्वारा भरे जा रहे इस ऑफलाइन रजिस्टर का संपूर्ण डेटा ई–कवच पोर्टल पर ऑनलाइन भी फीड किया जा रहा है। इस डिजिटल डेटाबेस के उपलब्ध होने से जिले से लेकर राज्य स्तर तक के अधिकारी स्वास्थ्य योजनाओं की रियल–टाइम मॉनिटरिंग और उनका सटीक क्रियान्वयन सुनिश्चित कर सकेंगे।



# फार्मर रजिस्ट्री के अभाव में सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित होंगे किसान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर उप निदेशक .षि विनय कुमार वर्मा



द्वारा भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. सौरभ वर्मा भूमि संरक्षण अधिकारी एवं उप संभागीय .षि प्रसार अधिकारी शिशिर कुमार वर्मा के साथ जिले के किसानों की शत प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने के उद्देश्य से तहसील कैसरगंज के विकास खण्ड हुजूरपुर के ग्राम पंचायत बसंतसपुर पहुंचकर उपस्थित .षकों को बताया कि शासन द्वारा समस्त सरकारी लाभ जैसे खाद, बीज पेस्टिसाइड, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं भारत सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित सभी सरकारी योजनाओं तथा क्रय केन्द्रों पर उपज की बिक्री के लिए फार्मर रजिस्ट्री बनवाना अनिवार्य कर दिया गया है। इस अवसर पर 10 लोगों के मोबाइल में फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने हेतु सहायक ऐप डाउनलोड कराकर 30 .षकों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करवाई गई। उपनिदेशक श्री वर्मा ने बताया कि जनपद के 65 प्रतिशत .षकों की फार्मर रजिस्ट्री बनाई जा चुकी है तथा शेष .षकों की फार्मर रजिस्ट्री युद्ध स्तर पर बनाए जाने का कार्य .षि विभाग एवं राजस्व विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। शासन द्वारा प्रदेश के सभी गेहूं क्रय केंद्र पर .षकों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करसने के भी निर्देश दिए गए हैं। किसानों को सुझाव दिया गया कि बिक्री गेहूं क्रय केंद्र पर करने जा रहे हैं, वह अपना आधार, खतौनी और आधार से लिंक मोबाइल नंबर अपने साथ लेकर जाएं, और अपना फार्मर रजिस्ट्री बनवाकर अपनी उपज विक्रय कर ले। निरीक्षण के दौरान उपनिदेशक द्वारा विकासखंड पयागपुर के यादव बीज एवं उर्वरक भंडार पयागपुर चौराहा के प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया गया। बिक्री रजिस्टर के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि लगभग 500 किसान इस दुकान से जुड़े हुए हैं, जो उर्वरक एवं बीज आवश्यकता अनुसार खरीद कर रहे हैं। प्रतिष्ठान प्रभारी शिव कुमार यादव सहित जिले के समस्त फुटकर उर्वरक विक्रेताओं को निर्देश दिया गया कि अपनी दुकान से जुड़े हुए सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने में सहयोग करें। बिना फार्मर रजिस्ट्री के उर्वरक एवं बीज की बिक्री 30 अप्रैल के बाद नहीं हो सकेगी। इस अवसर पर प्रतिष्ठान के सवमी सहित 02 अन्य .षकों को भी सहायक ऐप डाउनलोड कराकर 05 किसानों की फार्मर आईडी बनाई गई।

# भीषण गर्मी में प्रात: 7.30 से 12.30 तक हो विद्यालयों का संचालन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष पंकज सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंप कर कक्षा 1 से 8 तक के विद्यालयों के संचालन का समय प्रातः 7.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक करने हेतु ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने बताया कि प्रदेश सहित में गर्मी लगातार बढ़ रही है और अब उमस ने भी लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। बृहस्पतिवार को प्रदेश का सबसे गर्म जिला रहा है जहां अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जिसकी खबर प्रमुख समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित की है। विगत वर्षों में भी तापमान के मामले में विश्व में स्थान बनाए रहा है। सुबह 11 बजे से ही गर्म हवाएं चलने लगती है। जिससे विद्यालयों में बच्चों को उल्टी, दस्त, बेहोशी एवं त्वचा सम्बन्धी बीमारियों आदि की शिकायतें प्राप्त हो रही है। दोपहर 2 बजे तक विद्यालय में बैठने से गर्म हवाओं के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अभिभावक भी विद्यालय भेजने से मना कर रहे हैं। दोपहर 2 बजे के बाद छुट्टी होने पर विद्यालय से वापस घर जाते समय छात्रों को अत्यधिक धूप एवं लू (गर्म हवाओं) का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग द्वारा आगे भी तापमान अधिक बढ़ने की संभावना जताते हुए 11 बजे के बाद घरों से न निकलने की अपील की गई है। जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए परिषदीय विद्यालयों का संचालन प्रातः 7.30 से 12.30 बजे तक करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने में जिलाध्यक्ष पंकज सिंह, विनोद कुमार शिवहरे, राजेन्द्र कुमार द्विवेदी, मनोज सिंह, सुरेन्द्रवीर वर्मा, लालबहादुर आदि उपस्थित रहे।



# न्यूनतम वेतन 26,000 करने की मांग को लेकर UPMSRA ने जिलाधिकारी कार्यालय पर किया प्रदर्शन

संवाददाता

गोरखपुर। बढ़ती महंगाई और श्रम कानूनों में बदलाव के विरोध में आज पूरे देश के मजदूरों और कर्मचारियों का गुस्सा फूट पड़ा। सेन्टर ऑफ इण्डियन ट्रेड यूनियन्स एवं विभिन्न ट्रेड यूनियनों के श्ऑल इंडिया प्रोटेस्ट डेश के आह्वान पर उत्तर प्रदेश उत्तराखंड मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स एसोसिएशन की इकाई ने जिलाधिकारी कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। महंगाई के दौर में ध्26,000 से कम वेतन मंजूर नहीं प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे इकाई अध्यक्ष अखिलेश उपाध्याय ने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आज के दौर में कमरतोड़ महंगाई ने मजदूर और मध्यम वर्ग की कमर तोड़ दी है। उन्होंने जोर देकर कहा, वर्तमान न्यूनतम वेतन में सम्मानजनक जीवन जीना असंभव हो गया है। सरकार को अविलंब न्यूनतम वेतन बढ़ाकर ध्26,000 प्रतिमाह करना चाहिए, ताकि एक परिवार अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा कर सके। दमनकारी नीतियों की निंदा संगठन के नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य सरकारें लगातार मजदूर विरोधी नीतियों को बढ़ावा दे रही हैं। नोएडा, गुरुग्राम और एनसीआर जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में शांतिपूर्ण आंदोलनों को बलपूर्वक दबाने की कोशिशों की तीखी निंदा की गई। वक्ताओं ने कहा कि श्रम कानूनों को कमजोर कर कॉर्पोरेट घरानों को फायदा पहुँचाया जा रहा है। प्रमुख मांगें जिन पर अड़ा संगठन, न्यूनतम वेतन तत्काल प्रभाव से ध्26,000 प्रतिमाह किया जाए। श्रम कानूनों का सख्ती से पालन हो और ठेका प्रथा पर लगाम लगे। प्रत्येक कर्मचारी के लिए च्थ् और म्ैप् जैसी सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। लोकतांत्रिक तरीके से हो रहे मजदूर आंदोलनों पर दमन बंद हो। पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार ने इन मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार नहीं किया, तो आने वाले समय में आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिलेश उपाध्याय एवं संचालन प्रवीण द्विवेदी ने किया। इस दौरान धनंजय श्रीवास्तव, विनय गुप्ता, अभिनव राय, सर्वेश चतुर्वेदी, दीप्तिमान सेन गुप्ता, अमित गुप्ता, संतोष कुमार, उजाला नन्द शुक्ला, राजेश कुमार मिश्रा, वैभव श्रीवास्तव और के के भट्ट सहित भारी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

# शांति धाम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों का प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। अतर्रा स्थित शांति धाम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में उत.ष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल देखने को मिला।विद्यालय के छात्र पारस सोनी ने 92.8 प्रतिशत




अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं सिदरा समीम अंसारी एवं शौर्य सिंह वर्मा ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में प्रशांत पटेल ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि आकर्ष ने 91 प्रतिशत अंक हासिल कर चौथा स्थान प्राप्त किया। अमन प्रताप सिंह ने 89.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवां स्थान हासिल किया। वहीं खुशी श्रीवास्तव ने 89.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छठा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अंशिका वर्मा एवं गौरांगी अर्जीरिया ने 88.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत.ष्ट प्रदर्शन किया और विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# चेक पर फर्जी हस्ताक्षर कर धोखाधड़ी करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित



अभियुक्तों की गिरतारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में शुक्रवार को थाना तिंदवारी पुलिस द्वारा चेक पर फर्जी हस्ताक्षर कर 1.98 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले 02 अभियुक्तों को गिरतार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना तिंदवारी क्षेत्र के कस्बा तिंदवारी के रहने वाले राजू पुत्र रामखिलावन की कस्बा तिंदवारी में पशु आहार की दुकान है जिसके दुकान में काम करने वाले एक व्यक्ति अर्पित पुत्र अभराज द्वारा उसके चेक पर फर्जी हस्ताक्षर बनाकर 01 लाख 98 हजार रुपए अपने साथी अरुण पुत्र बाल चन्द्र के माध्यम से निकलवा लिए गए थे। जिसके सम्बन्ध में थाना तिंदवारी में अभियोग पंजी.त किया गया था तथा अभियुक्त काफी समय से फरार चल रहे थे जिसकी गिरतारी के प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में आज थाना तिंदवारी पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर दोनों अभियुक्तों अर्पित पुत्र अभयराज निवासी प्रेमनगर कस्बा व थाना तिंदवारी, अरुण कुमार पुत्र बालचन्द्र निवासी छिरौरा टोड़ी फतेहपुर जनपद झांसी को तेरही मोड़ से गिरतार कर लिया गया। दोनों के खिलाफ मु0अ0सं0 70/24 धारा 420, 467, 468, 471, 504, 506, 120 बी भादवि थाना तिंदवारी में अभियोग दर्ज किया गया। पकड़ने वाली पुलिस टीम में संदीप कुमार थानाध्यक्ष तिंदवारी, उ0नि0 अंजनी कुमार पांडेय, उ0नि0 शिवचन्द्र, कां0 सुमन्त सिंह शामिल रहे।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा केन्द्रों के लिए नामित किये स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा 25, 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को प्रति दिन 02 पालियों में आयोजित होने वाली उ.प्र. होगार्डस के पदों पर एनरोलमेंट 2025 की लिखित परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र हेतु स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। प्रथम पाली अन्तर्गत पूर्वान्ह 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली में अपरान्ह 03:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक लिखित परीक्षा सम्पन्न होगी। आर्य कन्या इण्टर कालेज के लिए बी.डी.ओ. महसी व एसडीएम नानपारा, आजाद इण्टर कालेज के लिए बी.डी.ओ. तजवापुर व एसडीएम एसडीएम मिहींपुरवा(मोतीपुर), राजकीय बालिका इण्टर कालेज के लिए बी.डी.ओ. जरवल व एसडीएम न्यायिक नानपारा, जवाहर नवोदय विद्यालय कीर्तनपुर के लिए बी.डी.ओ. कैसरगंज व एसडीएम महसी, सरस्वती इण्टर कालेज रिसिया के लिए बी.डी.ओ. रिसिया व नगर मजिस्ट्रेट, महाराज सिंह इण्टर कालेज के लिए बी.डी.ओ. चित्तौरा व एसडीएम न्यायिक तहसील सदर, चौधरी सियाराम इण्टर कालेज के लिए बी.डी.ओ. फखरपुर व एसडीएम कैसरगंज, तारा इण्टर कालेज के लिए बी.डी.ओ. विषेष्वरगंज व एसडीएम कैसरगंज तथा वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज के लिए बी.डी.ओ. पयागपुर व ज्वाइंट मजिस्ट्रेटध्एसडीएम सदर को क्रमशः स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।

# डीएम ने की मुख्यमंत्री डैशबोर्ड समीक्षा बैठक

## - रैंकिंग सुधार, बिजली शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति, रैंकिंग एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि विकास कार्यों से संबंधित जनपद की रैंक 11 से 32 के बीच तथा राजस्व कार्यों में भी रैंक 11 से 32 के मध्य रही है, जबकि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की समेकित रैंकिंग 10 से 30 के बीच है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी जनपद की स्थिति पूर्व वर्षों की तरह बनी हुई है, जिसे सुधारने के लिए सभी विभाग गंभीरता से कार्य करें। विद्युत विभाग की समीक्षा में खराब ट्रांसफार्मर संबंधी शिकायतों की स्थिति में डिस्ट्रिक्ट रैंक 10/10 पाई गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम को देखते हुए शिकायतों में वृद्धि की संभावना है, इसलिए एक समर्पित टीम गठित कर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों की पढ़ाई के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति आवश्यक है। विद्युत बिल सुधार से संबंधित आवेदनों की स्थिति भी डिस्ट्री रैंक 10/10 रही, जिस पर उन्होंने मजबूत टीम बनाकर बिलिंग व्यवस्था को दुरुस्त करने एवं



जनशिकायतों के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के माध्यम से गांवों में फसल बीमा राशि बांटी जाए तथा बीमा कंपनियों से समन्वय स्थापित कर अनावश्यक रूप से क्लेम रिजेक्ट न होने पाए। विभिन्न योजनाओं की समीक्षा में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) प्रोजेक्ट में जनपद की रैंक 11ध्75, मुख्यमंत्री आवास योजना 58/75, मनरेगा 37/74 रही। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि श्रमिकों, रसोइयों, रोजगार सहायकों एवं आउटसोर्सिंग कर्मियों का भुगतान समय से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि बजट उपलब्ध है तो ऐसी नीति बनाई जाए जिससे भुगतान में विलंब न हो। अन्य प्रमुख योजनाओं में सड़क निर्माण 9/71, एम्बुलेंस सेवा 3/75, जननी सुरक्षा योजना 52/75, टेली रेडियोलॉजी 1/75, दुग्ध मूल्य भुगतान 3/66, सहकारी दुग्ध समितियां 11/72, दिव्यांग पेंशन, जल जीवन मिशन 38/70, फैमिली आईडी 29/75, 15 वां वित्त आयोग 57/75, स्वच्छ भारत मिशन 5/75, सामाजिक वानिकी 58/75, ऑपरेशन कायाकल्प 1/75, अंडा उत्पादन 27/75 की स्थिति की समीक्षा की गई। निराश्रित गोवंश संरक्षण 34/75 के संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि किसान, प्रधान एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से भूसा दान कराया जाए तथा वर्तमान समय में सस्ता उपलब्ध भूसा का भंडारण किया जाए। पशु टीकाकरण, शादी अनुदान, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मत्स्य उत्पादन सहित कई योजनाओं में जनपद की रैंक 1ध75 रही, जिस पर उन्होंने अधिक प्रगति के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मत्स्य उत्पादन बढ़ाने के लिए नए तालाबों का निर्माण एवं नए लाभार्थियों को जोड़ा जाए। आईसीडीएस पोषण अभियान (54/75), युवा उद्यमी योजना (55/75) पर असंतोष व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में विभागीय उदासीनता स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा स्वरोजगार हेतु धन उपलब्ध कराया जा रहा है, अतः पात्र लाभार्थियों का सही चयन कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाए। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें तथा जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, उप .षि निदेशक आर. एन. सिंह, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल, संस्.त पर्यटन अधिकारी मोहित सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएम युवा योजना से युवाओं को मिलेगा स्वरोजगार

## - 1700 युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी सीएम युवा योजना के अंतर्गत स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र के माध्यम से वर्ष 2026–27 में जिले के 1700 युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर छोटे उद्योगों और सेवा केंद्रों को बढ़ावा देकर युवाओं को रोजगार मांगने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनाना है। इसके तहत युवा अपनी रुचि के अनुसार विभिन्न प्रकार के व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। योजना में .षि आधारित उद्योग जैसे आटा चक्की, तेल स्पेलर, मसाला पिसाई, दाल मिलय महिला सशक्तिकरण से जुड़े प्रोजेक्ट जैसे ब्यूटी पार्लर, सिलाई–कढ़ाई, बुटीकय तकनीकी एवं सेवा क्षेत्र जैसे मोबाइल रिपेयरिंग, कंप्यूटर, साइबर कैफे, फोटोकॉपी दुकान तथा निर्माण इकाइयों में दोना–पत्तल, अगरबत्ती, फर्नीचर व वेल्डिंग कार्य जैसे व्यवसाय शामिल हैं। योजना के तहत 21 से 40 वर्ष आयु वर्ग के युवा, जिनकी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता कक्षा 8 उत्तीर्ण है, आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक युवाओं को बैंक के माध्यम से 5 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, जो 4 वर्षों तक पूरी तरह ब्याज मुक्त रहेगा। इसके साथ ही परियोजना लागत का 10 प्रतिशत तक अनुदान भी दिया जाएगा। लाभार्थियों को अपनी श्रेणी के अनुसार अंशदान देना होगा, जिसमें सामान्य वर्ग के लिए 15 प्रतिशत, ओबीसी के लिए 12.5 प्रतिशत तथा एससीध्एसटीधदिव्यांग वर्ग के लिए 10 प्रतिशत निर्धारित है। योजना में 6 माह की राहत अवधि भी दी गई है, जिसमें किस्त जमा न कर पाने पर भी छूट का प्रावधान है। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है और इच्छुक अभ्यर्थी उेतदम. नच.हवअ.पद पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पोर्टल पर 24 से 48 घंटे में निःशुल्क प्रोजेक्ट रिपोर्ट भी उपलब्ध कराई जाती है। अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 18002662233 पर संपर्क किया जा सकता है। विभाग ने अभ्यर्थियों को बिचौलियों से सावधान रहने की सलाह दी है। फर्जी कोटेशन देने वाले वेंडर्स को चिन्हित किया जा रहा है। अभ्यर्थी अपने नजदीकी दुकानदार या पोर्टल पर उपलब्ध वेंडर्स से संपर्क कर निःशुल्क कोटेशन प्राप्त करें। किसी भी सहायता या जानकारी के लिए अभ्यर्थी जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, एसडी फील्ड, इटावा कार्यालय में सीधे संपर्क कर सकते हैं। अधिकारियों ने युवाओं से अपील की है कि दलालों से बचें और सीधे विभाग से संपर्क कर योजना का लाभ उठाएं, ताकि जनपद को समृद्ध बनाने में योगदान दिया जा सके।

# 400 सुरक्षा जवान व 50 सुपरवाइजर पदों पर भर्ती

## - 18 अप्रैल से 9 मई तक ब्लॉक स्तर पर लगेंगे शिविर

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार का




सुनहरा अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला सेवायोजन कार्यालय के माध्यम से 18 अप्रैल से 9 मई तक जनपद के विभिन्न विकास खंड कार्यालयों में भर्ती शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद के सहयोग से एसआईएस इंडिया लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में लगाए जाएंगे। भर्ती अधिकारी प्रेम प्रकाश ने बताया कि इन शिविरों में 400 सुरक्षा जवान एवं 50 सुरक्षा सुपरवाइजर पदों पर भर्ती की जाएगी। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को इसमें भाग लेने का अवसर मिलेगा। चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण के उपरांत सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुरक्षा जवान के लिए न्यूनतम योग्यता 10वीं पासध्असफल, आयु 19 से 40 वर्ष तथा लंबाई 167.5 सेंटीमीटर निर्धारित की गई है। वहीं सुपरवाइजर पद के लिए 12वीं पास, आयु 21 से 40 वर्ष एवं लंबाई 170 सेंटीमीटर आवश्यक है। चयनित अभ्यर्थियों को सुरक्षा जवान के पद पर 16,000 से 22,000 रुपये तथा सुपरवाइजर, फायरमैन पद पर 18,000 से 30,000 रुपये तक वेतनमान मिलेगा। साथ ही पीएफ, ईएसआई, बीमा, पेंशन सहित अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। भर्ती शिविरों का आयोजन प्रातः 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थियों को दो पासपोर्ट साइज फोटो, 10वीं की मार्कशीट की फोटोकॉपी एवं आधार कार्ड की फोटोकॉपी साथ लानी होगी। भर्ती कार्यक्रम के अनुसार 18 अप्रैल को बढ़पुरा ब्लॉक, 20–21 अप्रैल को जसवंतनगर, 22–23 अप्रैल को महेवा, 24–25 अप्रैल को ताखा, 4–5 मई को भरथना, 6–7 मई को सैफई तथा 8–9 मई को चकरनगर ब्लॉक परिसर में शिविर आयोजित होंगे। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी भर्ती अधिकारी प्रेम प्रकाश से मोबाइल नंबर 9917529293 पर संपर्क कर सकते हैं।

# वायरल वीडियो पर भ्रम दूर, टीएसआई का पक्ष आया सामने

## - कार्यक्रम में मौजूदगी को गलत तरीके से किया पेश, आरोप निराधार

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे टीएसआई सूबेदार सिंह के कथित वीडियो को लेकर फैल रही चर्चाओं के बीच अब पूरे मामले में स्थिति स्पष्ट हो गई है। सामने आए तथ्यों के अनुसार वायरल वीडियो को लेकर किए जा रहे दावे भ्रामक और वास्तविकता से परे हैं।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक यह वीडियो एक निजी कार्यक्रम के दौरान वहां मौजूद एक महिला द्वारा बनाया गया था। टीएसआई सूबेदार सिंह उस कार्यक्रम में सामान्य रूप से उपस्थित थे और उनका वीडियो बनाने या बनवाने में कोई योगदान नहीं था। ऐसे में यह आरोप कि उन्होंने वर्दी में स्वयं रील बनाई या किसी विवादित सामग्री में शामिल हुए, पूरी तरह निराधार बताया गया है। वायरल वीडियो में जिस गाने को लेकर चर्चा हो रही है, वह कार्यक्रम स्थल पर बज रहा था, जिसका चयन या नियंत्रण संबंधित पुलिस अधिकारी के हाथ में नहीं था। किसी कार्यक्रम में मौजूद व्यक्ति को वहां चल रहे गीत–संगीत के लिए जिम्मेदार ठहराना तर्कसंगत नहीं माना जा सकता। पुलिस विभाग द्वारा वर्दी में रील बनाने को लेकर सख्त दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं, जिनका उद्देश्य अनुशासन बनाए रखना है। हालांकि इस मामले में टीएसआई द्वारा न तो कोई वीडियो बनाया गया और न ही उन्होंने जानबूझकर किसी विवादित गतिविधि में भाग लिया। इसके बावजूद कुछ लोगों द्वारा बिना पूरी जानकारी के सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार कर पुलिस विभाग की छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया, जिसे अनुचित बताया जा रहा है। फिलहाल स्पष्ट हो चुका है कि यह पूरा मामला तथ्यों से



अधिक अफवाहों और गलत व्याख्या पर आधारित था। आमजन से अपील की गई है कि किसी भी वायरल सामग्री को बिना सत्यापन के आगे न बढ़ाएं और भ्रामक सूचनाओं से बचें।

# मिशन शक्ति अभियान : बालिका इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम

## - महिलाओं के अधिकार व योजनाओं की दी जानकारी, बाल विवाह रोकने का आह्वान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने अवगत कराया कि मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन एवं निदेशक महिला कल्याण के निर्देशों के क्रम में प्रदेश में महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलंबन के उद्देश्य से वासंतिक नवरात्र के अवसर पर मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज–05 (द्वितीय चरण) का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी के निर्देशानुसार 17 अप्रैल को एचएमएस बालिका इंटर कॉलेज में टॉक शो विद आइडल्स (जागरूकता कार्यक्रम) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विशेष चर्चा करते हुए महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन में कीर्ति गुप्ता (प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर) एवं अजित कुमार दुबे ने प्रतिभाग किया। अजित कुमार दुबे ने मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों, वन स्टॉप सेंटर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बाल विवाह रोकने के लिए जनमानस से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि ऐसी किसी भी जानकारी की तुरंत संबंधित विभाग या थाने को सूचना दें। कीर्ति गुप्ता ने महिला कल्याण विभाग की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, चाइल्ड हेल्पलाइन, निराश्रित महिला पेंशन आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को विभिन्न योजनाओं से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनने और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विभागीय योजनाओं से संबंधित पंपलेट वितरित किए गए और उपस्थित छात्राओं व जनसमूह को जागरूक किया गया।

# दिव्यांगजनों के लिए दुकान निर्माण व संचालन योजना शुरू

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी ने जानकारी दी है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा संचालित दुकान निर्माणध्संचालन योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस योजना का उद्देश्य दिव्यांगजनों को स्वरोजगार उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। योजना के तहत दुकान निर्माण के लिए 20,000 रुपये (जिसमें 15,000 रुपये ऋण एवं 5,000 रुपये अनुदान) तथा ठेला, गुमटी या किराये की दुकान हेतु 10,000 रुपये (जिसमें 7,500 रुपये ऋण एवं 2,500 रुपये अनुदान) प्रदान किए जाएंगे। योजना का लाभ प्रदेश के ऐसे दिव्यांगजन उठा सकते हैं, जो उत्तर प्रदेश के निवासी हों, जिनकी वार्षिक आय शासन द्वारा निर्धारित सीमा के दो गुने से अधिक न हो तथा जिनकी आयु 18 से 60 वर्ष के बीच हो। साथ ही आवेदक किसी आपराधिक या आर्थिक मामले में दोषी न हो और उसके विरुद्ध कोई सरकारी बकाया न हो। दुकान निर्माण के लिए आवेदक के पास कम से कम 110 वर्ग फुट भूमि स्वयं की हो या वह भूमि की व्यवस्था करने में सक्षम हो। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जारी प्रमाण–पत्र के अनुसार दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी ीजजचेरूध्ध कपअलंदहरंदकनांद.नचेकब. हवअ.पद पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करते समय नवीनतम फोटो, आय प्रमाण–पत्र, आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण–पत्र, राष्ट्रीय.त बैंक खाते का विवरण एवं अधिवास प्रमाण–पत्र की छायाप्रति अपलोड करना आवश्यक है। ऑनलाइन आवेदन के बाद उसकी एक प्रति जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी कार्यालय, कमरा संख्या 37, विकास भवन इटावा में जमा करना अनिवार्य होगा, ताकि नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जा सके।

# सहसों क्षेत्र में मिशन शक्ति के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज–5 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत थाना सहसों क्षेत्र के ग्राम पिपरौली गढ़िया में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं ग्रामीणों को महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिनमें पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 व 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181,



मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 एवं साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। इस दौरान साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई। लोगों को बताया गया कि किसी भी अंजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें और किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। साथ ही ऑनलाइन लेन–देन एवं सोशल मीडिया के उपयोग में सतर्कता बरतने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं को जागरूकता पंपलेट वितरित कर उन्हें सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इटावा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं जनजागरूकता के लिए लगातार ऐसे अभियान चलाए जा रहे हैं।

# जिला महिला चिकित्सालय में एचपीवी टीकाकरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जायंट्स ग्रुप ऑफ इटावा सहेली द्वारा जिला महिला चिकित्सालय में सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को वैक्सीन लगाई गई तथा महिलाओं को इस गंभीर बीमारी से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।



कार्यक्रम में बताया गया कि भारत में प्रतिवर्ष लगभग 1,23, 907 महिलाएं सर्वाइकल कैंसर से प्रभावित होती हैं, जिनमें से करीब 77,348 महिलाओं की मृत्यु हो जाती है। महिलाओं में होने वाले कैंसर के कुल मामलों में लगभग 29 प्रतिशत हिस्सेदारी सर्वाइकल कैंसर की है। विशेषज्ञों ने बताया कि 14 से 15 वर्ष की आयु में एचपीवी टीका लगवाना अत्यंत प्रभावी और सुरक्षित है, जिससे इस कैंसर से बचाव संभव है। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों ने कहा कि इस आयु वर्ग की बालिकाओं को टीकाकरण के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यह भविष्य में गंभीर बीमारी से सुरक्षा प्रदान करता है। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी बी.आर. सिंह, अनिल कुमार एवं डॉ. रतनलाल की उपस्थिति रही। साथ ही कोऑर्डिनेटर क्षमा दीक्षित, फेडरेशन ऑफिसर संगीता अग्रवाल, अध्यक्ष विमल शर्मा, प्रशासनिक निदेशक हेनू वर्मा, वित्त निदेशक रीना राठौर, उर्वशी दीक्षित, मीनाक्षी सक्सेना, इंदिरा तिवारी, निशा गुप्ता, प्रज्ञा दोषी, उषा भदोरिया, सपना सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं एवं महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण को अपनाने का संदेश दिया गया।

# सड़क किनारे मंदिर को लेकर विवाद, विधायक ने किया दर्शन पूजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

चौडगरा–फतेहपुर। चौडगरा शिवराजपुर मार्ग में चौकी के समीप सड़क किनारे स्थित प्राचीन मंदिर का विवाद गहराता जा रहा है। मंदिर को हटाने की बात से आक्रोशित लोगों ने गुरुवार को नायब तहसीलदार और पीडब्ल्यूडी के एई की टीम को बैरंग वापस कर दिया था। शुक्रवार को सूचना पर पहुंचे विधायक



जयकुमार सिंह जैकी से लोगो ने स्थिति से अवगत कराया। विधायक जैकी ने फोन से ही जिलाधिकारी से बात कर मंदिर बने रहने और प्लाट से निकलने के रास्ते को देने व विवाद निपटाने को कहा। डीएम ने सोमवार को ग्रामीणों को बुलाया है।

बताते चले कि शिवराजपुर रोड में चौडगरा कस्बे में सड़क किनारे भगवान शिव,दुर्गा माता,एवं हनुमान जी महाराज की मूर्तियां स्थापित है। मंदिर प्राचीन है साथ में पुराना कुआं भी स्थापित है। पीछे साईं गांव के कौशल किशोर कुशवाहा ने प्लाट ले रखा है आगे मंदिर होने से निकलने का रास्ता नहीं है। रास्ते को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया है। इससे पहले गुरुवार को टीम को लौटना पड़ा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशाशन नजर बनाए हुए है। लोगों ने विधायक जयकुमार सिंह जैकी से मांग किया कि मंदिर नहीं टूटना चाहिए। वहीं उपस्थित प्रधान सुरेन्द्र सिंह, पूर्व प्रधान शीलू सिंह, भाजपा नेता मनोज सिंह समेत तमाम लोगों ने मंदिर निर्माण कार्य के लिए लगने वाली धनराशि एवं सहयोग की घोषणा किया। विधायक जैकी ने मंदिर में माला फूल चढ़ा पूजा अर्चना कर प्रसाद भी बाटा और कहा कि मंदिर नहीं हटेगा। प्राचीन मंदिर और कुआं को कोई नहीं हटाएगा। प्रशासन से सही रिपोर्ट लगवाई जाएगी। इस मौके पर राजेश गुप्ता, रवींद्र सिंह, नीतीश सिंह, उदयभान गुप्ता, रुद्रपाल सिंह, महेंद्र सिंह, आलोक गौड़, अनुज सिंह, रामप्रकाश सविता आदि रहें।

# वृद्धाश्रम में 21 अप्रैल को स्वास्थ्य कैम्प का होगा आयोजन

## - कैम्प में नि:शुल्क किया जायेगा जांच एवं दवा का वितरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जिला समाज कल्याण अधिकारी अनुज कुमार ने बताया कि अटल वयो अभ्युदय योजना की उपयोजना वरिष्ठ नागरिकों हेतु राज्य योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, समाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग भारत सरकार की वरिष्ठ नागरिकों हेतु अटल वयो अभ्युदय योजनान्तर्गत वरिष्ठ नागरिकों के लिए कार्ययोजना जारी की गयी है। इस क्रम में स्व० तपेश्वर राम कल्याण समिति सैदपुर मु०बाद गोहना वृद्धाश्रम में 21 अप्रैल को कल्पनाथ राय इंस्ट्च्यूटि आफ मेडिकल साइंस एवं हॉस्पिटल द्वारा स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मोतियाबिंद आपरेशन, वृद्धावस्था जनित रोगों की जांच विशेष रूप से डिमेंशिया स्क्रीनिंग और गैर संचारी रोगों की जांच, बी०पी०, शुगर, अर्थराइटिस, कैल्शियम आदि की जांच, नि:शुल्क दवा वितरण की जायेगी। अतः जनपद के इच्छुक सम्मानित वरिष्ठ नागरिक उक्त आयोजित स्वास्थ्य कैम्प में उपस्थित होकर कैम्प का लाभ उठाएं।

# एसएसपी ने जनसुनवाई में सुनी फरियादियों की समस्याएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में नियमित रूप से आयोजित होने वाली जनसुनवाई में फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों



से पहुंचे लोगों ने अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं, जिन पर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का आश्वासन दिया गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदकों की शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित राजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारियों से वार्ता कर समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि फरियादियों की शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना पुलिस की प्राथमिकता है।

# रवि सिंह तोमर बने करणी सेना के जिलाध्यक्ष



न्यूज वाणी ब्यूरो/जसवंतनगर, इटावा। नगर क्षेत्र के कोठी कैस्त निवासी रवि सिंह तोमर को करणी सेना का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके सौम्य व्यवहार एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। संगठन पदाधिकारियों ने विश्वास जताया है कि रवि सिंह तोमर अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए समाज व संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। नियुक्ति की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में खुशी का माहौल बन गया। इस अवसर पर जितेंद्र शीलू तोमर, अजय चौहान, अजय तोमर, अनुरुद्ध मोनू दुबे, रमन तोमर, शैलेंद्र तोमर एवं प्रताप तोमर सहित अनेक लोगों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

# डीएम ने की अभियोजन व कानून व्यवस्था की मासिक समीक्षा बैठक

## - अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों एवं कानून व्यवस्था की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। अपर निदेशक अभियोजन द्वारा बताया गया कि अधीनस्थ न्यायालय के अंतर्गत भा0द0वी0 धारा में कुल 157 वाद निस्तारित, 77 में सजा, 16 की रिहाई एवं 33 में सुलह हुआ। अन्य अधिनियम में 253 वाद निस्तारित,सजा 250 इसके अलावा सत्र न्यायालय डीजीसी संवर्ग में भा0द0वी0 धारा में 18 मामले निस्तारित, 6 में सजा एवं 12 रिहा हुए, अन्य अधिनियम में 01 निस्तारण 01 रिहा, एससी एसटी एक्ट में 02 निस्तारण 02 सजा, गिरोहबंद अधिनियम में 03 निस्तारण 02 रिहा, पास्को अधिनियम में 03 निस्तारित 03 रिहा हुए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद की शांति व्यवस्था, लंबित वादों के निस्तारण और अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई की गहन समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अभियोजन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट किया कि गंभीर अपराधों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों (पॉक्सो एक्ट) में अपराधियों को कड़ी सजा दिलाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिया कि न्यायालयों में गवाहों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए ताकि मुकदमों का निस्तारण शीघ्र हो सके। माफियाओं और शातिर अपराधियों के विरुद्ध चल रहे मुकदमों में प्रभावी पैरवी करने के निर्देश दिए गए। पुलिस और अभियोजन अधिकारियों को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित करने को कहा गया ताकि साक्ष्यों के अभाव में कोई अपराधी बच न सके। कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग को सक्रिय रहने के निर्देश दिए। जनपद में सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट और गुंडा एक्ट के तहत कठोर कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए गए। अवैध शराब, मादक पदार्थों की तस्करी और गोवंश के अवैध परिवहन पर पूर्णतः अंकुश लगाने हेतु पुलिस को गश्त बढ़ाने को कहा गया। शहर की यातायात व्यवस्था को सु.ढ़ करने और अतिक्रमण हटाने हेतु नियमित अभियान चलाने के निर्देश दिए। जनपद में कानून का राज स्थापित करना हमारी प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो भी अधिकारी अपने कार्यों के प्रति लापरवाह पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर, मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह, जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी, समस्त क्षेत्राधिकारी एवं अभियोजन विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# गेहूं खरीद में ढिलाई पर एडीएम सख्त एक्शन, केंद्र प्रभारियों की लगाई क्लास

## - एडीएम ने क्रय केंद्रों पर मारा छापा, मचा हड़कंप

## - खरीद प्रक्रिया तेज करने और पारदर्शिता बनाए रखने पर जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। जनपद में गेहूं खरीद की सुस्त रतार पर



प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने शुक्रवार को कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर पहुंचकर खाद्य विभाग, पीसीएफ, पीसीयू व यूपीएसएस के क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से कम खरीद को लेकर एडीएम का पारा चढ़ गया। उन्होंने मौके पर ही केंद्र प्रभारियों और जिला प्रबंधक को जमकर फटकार लगाई और दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि केंद्र पर आने वाले किसी भी किसान को खाली हाथ वापस न किया जाए। एडीएम ने स्पष्ट कहा कि हर हाल में किसानों का गेहूं तौला जाए, किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। यदि शिकायत मिली तो सीधे कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्रों पर पेयजल, छाया, बैठने की व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं की भी हकीकत परखी। एडीएम ने कहा कि शासन की मंशा है कि किसानों को उनकी उपज का पूरा मूल्य मिले, इसमें किसी भी प्रकार की बाधा स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खरीद प्रक्रिया को तेज करें और पारदर्शिता सुनिश्चित करें।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत महिलाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। बाल कल्याण समिति द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभिमुखीकरण के तहत बैठक का सफल आयोजन किया गया, जिसमे भारत सरकार के अंतर्गत महिलाओं द्वारा हर क्षेत्र का नेतृत्व किया जाय उसपर चर्चा की गयी, साथ ही योजना बनाई गयी कि कैसे आम महिलाओं को कैसे प्रेरित किया जाय कि वे हर क्षेत्र मे आगे बढ़ चढ़ के हिस्सा लें एवं अपने अधिकारों को जाने। इस अवसर पर हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन की टीम, बाल कल्याण समिति, बाल संरक्षण इकाई,वन स्टॉप सेंटर ,चाइल्ड लाइन, की समस्त टीम उपस्थित रही। साथ ही अमरवाणी स्कूल परदहा मऊ पर महिला कल्याण विभाग की हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन की टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत पर्सनल सेटी अवेयरनेस तथा अक्षय तृतीय के अवसर पर बाल विवाह के रोकथाम हेतु जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे लोगो को अवगत कराया गया की अक्षय तृतीया के अवसर पर समाज मे ऐसे बहुत से लोग हैं जो अपनी बेटियों की शादी का आयोजन करते हैं तो यदि किसी को भी इस अवसर पर बाल विवाह की सूचना प्राप्त होती की किसी स्थान पर किसी बालिका या बालक का बाल विवाह हो रहा है तो उसकी सूचना 1098 हेल्पलाइन नंबर पर अवश्य दें। इसके साथ ही मिशन शक्ति के तहत आयोजित कार्यक्रम के उद्देश्य बताते हुए विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं से भी अवगत कराया गया। साथ हि साथ विकास खंड परदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर महिला कल्याण विभाग की हब फॉर इम्पॉवरमेंट ऑफ वूमेन की टीम व वन स्टॉप सेंटर की टीम द्वारा स्वास्थ्य विभाग से समन्वय करते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत जागरूकता कार्यक्रम किया गया एवं मानव श्रृंखला बनाई गई तथा मिशन शक्ति द्वितीय चरण के तहत स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग की समस्त टीम तथा स्वास्थ्य विभाग से जनपद की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहीं।

# मुख्य राजस्व अधिकारी ने ली करेत्तर राजस्व वसूली व अन्य राजस्व कार्यो की बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। मुख्य राजस्व अधिकारी दिनेश कुमार की अध्यक्षता में आज सीएम डैशबोर्ड पर आधारित कर करेत्तर राजस्व वसूली एवं अन्य राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। कर करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान व्यापार कर में 99.52 प्रतिशत, स्टैंप रजिस्ट्रेशन में 79.91 प्रतिशत, परिवहन कर में 85.40 प्रतिशत, आबकारी में 73.47:, चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य में 132 प्रतिशत सहित अन्य विभागों की स्थिति अच्छी पाई गई। सिर्फ भू राजस्व में 19.08 तथा खनन में 46.68 प्रतिशत वसूली मार्च महीने में पाई गई। समीक्षा के दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी ने खनन एवं राजस्व विभाग के संबंधित अधिकारियों को वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। अन्य राजस्व कार्यो में एमओयू मॉनिटरिंग में बी,आबकारी विभाग के उत्पन्न राजस्व बनाम लक्ष्य में सी, मंडी आय एवं आवक में सी, गन्ना मूल्य भुगतान में डी, पीएम स्वनिधि योजना में बी, राजस्व विभाग के धारा 116 कुर्रा बटवारा में सी, धारा 34 में सी, पैमाइश धारा 24 में बी स्वामित्व डैश बोर्ड में सी तथा सरकारी गैर कर राजस्व समेकित में डी ग्रेड पाई गई। मुख्य राजस्व अधिकारी ने ऐसे समस्त विभाग के अधिकारियों को जिनकी योजनाओं में सी अथवा डी ग्रेड है उनमें इस महीने सुधार करने के निर्देश दिए। इसके अलावा राजस्व वादों में धारा 116 में सी,धारा 34 नामांतरण में सी,धारा 24 पैमाइश में बी श्रेणी पाए जाने पर उन्होंने समस्त संबंधित पीठासीन अधिकारियों को इस माह सभी धाराओं में लंबित समस्त वादों का निस्तारण करते हुए ए ग्रेड लाने हेतु विशेष प्रयास करने को कहा। आइजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा के दौरान कई विभागों में संतुष्ट फीडबैक के सापेक्ष असंतुष फीडबैक का प्रतिशत ज्यादा पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने ऐसे संबंधित विभागों को संतुष्ट फीडबैक का प्रतिशत 70: से ज्यादा रखने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने के साथ ही साथ शिकायतकर्ता से बात करने एवं मौके पर स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने ज्यादा असंतुष्ट फीडबैक वाले विभागों को चेतावनी देते हुए अगले माह तक इसमें सुधार के निर्देश दिए अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। इस दौरान समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति कार्यक्रम में बालिकाओं का हुआ सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो/सीतापुर। मिशन शक्ति (5.0) के अंतर्गत दूसरे चरण का कार्यक्रम लखनऊ पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी), आलोक सिंह ने किया। महिला उप निरीक्षक अर्चना शुक्ला ने कार्यक्रम में मौजूद बालिकाओं को मिशन शक्ति का उद्देश्य उसका



लक्ष्य आदि के बारे में विस्तार से बताया। महिला थानाध्यक्ष मधु यादव ने बालिकाओं के मिशन शक्ति से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देते हुए उनकी शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम में रघुराज सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल की बालिकाओं गोलू गुप्ता को राष्ट्रीय स्तर पर कविता लेखन में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर, चांदनी को बैडमिंटन खेल में राज्य स्तर पर स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक प्राप्त करने पर, आदर्शनी को बैडमिंटन खेल में राज्य स्तर पर रजत पदक एवं बैडमिंटन की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन होने पर तथा कलपी को खो खो प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर लखनऊ मंडल की टीम में शामिल होकर रजत पदक जीतने पर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी), आलोक सिंह ने किया। इस अवसर पर रघुराज सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल के शारीरिक शिक्षकध्क्रीड़ा प्रभारी, डॉ. निखिल कुमार रस्तोगी, महिला आरक्षी अनन्या पाठक एवं पुलिस स्टाफ तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं स्टाफ मौजूद रहा।

# छात्राओं ने बनाई मानव श्रृंखला

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। राष्ट्रीय सेवा योजना वर्ष 2026–27 राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नारी वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं एवं मातृ शक्ति के साथ मिलकर मानव श्रृंखला बनाई गई। भारत में मानव श्रृंखला का आयोजन अक्सर सामाजिक जागरूकता नशा मुक्ति दहेज प्रथा और बाल विवाह के खिलाफ किया जाता है इसका



कार्य सामाजिक कुरीतियां के विरुद्ध जागरूकता फैलाना है अधिकतर स्कूली छात्र–छात्राएं और सरकारी कर्मचारी इसमें भाग लेते हैं सभी स्वयंसेविकाओं को नीता सिंह ने संपूर्ण जानकारी से अवगत कराया तथा नारी वंदन से होने वाले लाभ के विषय में जानकारी दी कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार निगम ने नारी वंदन की चर्चा करते हुए कहा कि प्रत्येक छात्राओं को ऐसे कार्य में सहयोग करना चाहिए। प्रधानाचार्य अवधेश कुमार अवस्थी ने सभी प्रतिभागियों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम की सराहना की।

# भर्थना विधानसभा में भाजपा की अंबेडकर सम्मान संगोष्ठी आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश भर में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत विधानसभा स्तर पर संगोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में बकेवर स्थित भगवती गेस्ट हाउस में भर्थना विधानसभा संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में उपस्थित गणमान्यजनों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व पूर्व सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया ने कहा कि बाबा साहब केवल संविधान निर्माता ही नहीं,



बल्कि महान विद्वान, अर्थशास्त्री और सामाजिक सुधारक भी थे। उनके संघर्ष और दूरदर्शिता के कारण ही आज सभी को समान अधिकार प्राप्त हुए हैं। पूर्व विधायक के.के. राज ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का सपना समानता पर आधारित समाज का निर्माण था, जिसे साकार करने की दिशा में कार्य करना आवश्यक है। पूर्व विधायक डॉ. सिद्धार्थ शंकर दोहरे ने उनके सामाजिक सुधारों और महिलाओं के सशक्तिकरण में योगदान को रेखांकित किया। वहीं पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम के समापन पर जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र पर काय कर रही हैं। संगोष्ठी को पूर्व जिलाध्यक्ष राम कुमार चौधरी, पूर्व प्रत्याशी कमलेश कठेरिया सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सतेंद्र राजपूत ने किया। इस दौरान पार्टी के।

# एमजी इंटर कालेज में हुआ विधिक जागरूकता शिविर

## – महिलाओं व बालिकाओं को अधिकारों को दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्ण कालिक सचिव ने बताया कि प्राधिकरण के



तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश/प्राधिकरण के अध्यक्ष सुधीर कुमार के दिशा निर्देशन में एक्शन प्लान के क्रियान्वयन के कार्यक्रम तहत शुक्रवार को महात्मा गांधी इण्टर कॉलेज जोनिहां में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सचिव पलाश गांगुली एवं पराविधिक स्वयंसेवक लोकनाथ पाण्डेय ने बच्चों को उनके अधिकारो के बारे में निःशुल्क शिक्षा व विधिक सेवाओ के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इसी क्रम में पराविधिक स्वयंसेवक श्रीराम .ष्ण ने लोगों को महिलाओ, बालिकाओं के अधिकारों एवं शासन द्वारा मिलने वाली योजनाओ के बारे विधिवत जानकारी दिया। साथ ही मुख्यमंत्री बाल कल्याण योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। महिलाओं की विधिक समस्याओं को सुना एवं विधिक जानकारी दी।

### अदालती नोटिस

समन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब

न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) फतेहपुर

वाद सं0–33 सन् 2024 ई०

सुनील कुमार गुप्ता उम्र करीब 43 वर्ष पुत्र स्व0 रमेशचन्द्र निवासी ग्राम व पोस्ट सुल्तानपुरघोष, परगना तहसील खागा, जनपद फतेहपुर।

..........वादी

बनाम

1.सुमित्रा देवी उम्र करीब 60 वर्ष पत्नी ज्ञान सिंह निवासी कालकन का पुरवा मजरे कोरिया परगना कड़ा तहसील सिराथू जनपद कौशाम्बी। 2. महताब आलम उम्र करीब 45 वर्ष पुत्र मो0 जलील निवासी ग्राम बहेरा सादात परगना हथगाम तहसील खागा, जनपद फतेहपुर।

3.मो0 इमरान उम्र करीब 38 वर्ष पुत्र नफीस निवासी ग्राम उमरहा पुरवा मजरे सुल्तानपुरघोष, परगना हथगाम तहसील खागा जनपद फतेहपुर।

..........प्रतिवादीगण

हरगाह सुनील कुमार गुप्ता ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 27 माह 05 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख 16 माह 04 सन् 2026 ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम

न्यायालय जिला जज (सी0डि0) फतेहपुर।

### अदालती नोटिस

समन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

ब अदालत जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश, फतेहपुर

मि0सिविल अपील सं0–148/74 सन् 2025 ई०

ऊषा देवी उम्र लगभग 35 वर्ष पत्नी स्व0 रामगुलाम निवासी ग्राम छेदीपुर मजरे कंधिया पोस्ट कंधिया परगना गाजीपुर तहसील व जिला फतेहपुर।

बनाम

1. शिवगुलाम उम्र 34 वर्ष पुत्र स्व0 बचान

2. अनामिका उम्र 31 वर्ष पत्नी शिवगुलाम निवासीगण ग्राम छेदीपुर मजरे कंधिया पोस्ट कंधिया परगना गाजीपुर तहसील व जिला फतेहपुर।

हरगाह वादी ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 26 माह 05 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख 17 माह 04 सन् 2026 ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम

ब अदालत जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश

फतेहपुर।




# परिवार कुटुम्ब रजिस्टर व शैक्षिक दस्तावेज आयु गणना हेतु मान्य

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत निदेशालय के पत्र व अपर मुख्य सचिव के शासनादेश द्वारा निर्देशित किया है कि आधार कार्ड में अंकित जन्म तिथि आयु के प्रमाण का पत्र के रूप में मान्य नही है। संशोधन शासनादेश संख्या द्वारा वृद्धावस्था पेंशन हेतु आवेदन की आयु की गणना हेतु पारिवार कुटुम्ब रजिस्टर की प्रमाणित प्रति अथवा शैक्षिक अर्हता से सम्बन्धित प्रमाण–पत्र जिसमें जन्म तिथि का अंकन मान्य किया जायेगा। वृद्धावस्था पेंशन हेतु आवेदन की आयु की गणना हेतु परिवार की प्रमाणित प्रति अथवा शैक्षिक अर्हता से सम्बन्धित प्रमाण–पत्र जिसमें जन्मतिथि का अंकन हेतु परिवार कुटुम्ब रजिस्टर हो, जन्मतिथि के प्रमाण पत्र के रूप में मान्य की गयी है। इस सन्दर्भ में राष्ट्रीय वृद्धावस्था हेतु पोर्टल में भी आंशिक संशोधन का विकल्प प्रदर्शित हो रहा है। इच्छुक लाभार्थी अपने ऑनलाइन आवेदन में आयु की गणना हेतु परिवार कुटुम्ब रजिस्टर/शैक्षिक दस्तावेज को संलग्न करे।

# कांशीराम कालोनी के समीप लगा कूड़े का ढेर

## - इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी ने पालिका को दिया पत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। महर्षि विद्या मंदिर के पीछे स्थित कांशीराम कालोनी में कई दिनों से कूड़े का बड़ा ढेर लगा हुआ है, जिससे तेज बदबू फैल रही है। स्थानीय निवासियों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है और गंभीर संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा मंडरा रहा है। इस समस्या को लेकर शुक्रवार को इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के



चेयरमैन व कार्यकारिणी सदस्य उत्तर प्रदेश डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने पालिका के अधिशासी अधिकारी रविंद्र कुमार से मुलाकात की और पूरी स्थिति से अवगत कराया। डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने अधिशासी अधिकारी को लिखित पत्र सौंपकर शीघ्र कूड़ा उठवाने और क्षेत्र की सफाई कराने का अनुरोध किया। अधिशासी अधिकारी ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कूड़ा हटवाने और सफाई कार्य कराने के निर्देश देने का आष्वासन दिया। इस अवसर पर उमेश कुमार, हिमांशु, अभिनव श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

# ग्रापए के सदर तहसील अध्यक्ष बने महेश त्रिपाठी



न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जिला इकाई के जिलाध्यक्ष कुमुद तिवारी के निर्देश पर तहसील इकाई सदर तहसील के अध्यक्ष पद पर ग्रापए के कर्मठ एवं जुझारू पत्रकार महेश कुमार त्रिपाठी का मनोनयन किया गया है। श्री त्रिपाठी के सदर अध्यक्ष मनोनीत होने पर संगठन के अतिरिक्त जिले के अन्य संगठनों के पत्रकारों ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जिला इकाई के जिलाध्यक्ष कुमुद तिवारी के निर्देश पर जिला महामंत्री (संगठन) जितेंद्र त्रिवेदी द्वारा जारी मनोनयन पत्र के अनुसार, नव–मनोनित अध्यक्ष को निर्देशित किया गया है कि वे एक सप्ताह के अंदर कार्यकारिणी का गठन कर उसकी सूची संगठन को उपलब्ध कराएं। श्री त्रिपाठी ग्रापए कार्यकारिणी के पदाधिकारी रहे हैं। यह संगठन की नीतियों, उद्देश्यों से भली भांति परिचित होने के साथ चिंतनशील, लगनशील, न्यायप्रिय, संवेदनशील कर्मठ एवं जुझारू पत्रकार हैं। जिनके नेतृत्व में संगठन विस्तारीकरण के साथ नित नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने में माहिर पुरोधा हैं। श्री त्रिपाठी के मनोनयन के बाद पत्रकारों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने श्री त्रिपाठी को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी हैं और आशा व्यक्त की है कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा। नवमनोनीत अध्यक्ष को तमाम पत्रकारों राजनीतिक एवं समाजसेवी संगठनों अधिवक्ताओं और व्यापारियों ने बधाई दी है।

# मौरंग के ओवरलोड ट्रकों के विरोध में सड़क पर उतरे ग्रामीण

## - हंगामा की सूचना पर पहुंची पुलिस, संभाला मोर्चा

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र में बांदा जिले की मर्का व चरका मौरंग खदानों से निकलने वाले भारी ओवरलोड ट्रकों ने स्थानीय ग्रामीणों का जीवन दूभर कर दिया है। तेज रतार, ओवरलोडिंग और उड़ती धूल से सड़कें जर्जर हो गईं, खेत सफेद पड़ गए और रोजमर्रा की जिंदगी पर असर पड़ा। परेशान ग्रामीणों ने आखिरकार देर रात सड़क पर उतरकर ट्रकों को रोककर जाम लगा दिया और जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। देर रात असोथर इलाके में ग्रामीणों ने ओवरलोड ट्रकों को रोक लिया। सड़क पर काफी देर तक हंगामा चला, नारेबाजी और गुस्सा फूटा। मौके पर पुलिस पहुंची और स्थिति को संभाला। ग्रामीण आरोप लगा रहे हैं कि मर्का और चरका मौरम खदानों से आने वाले ये ट्रक लगातार ओवरलोड होकर असोथर मार्ग से गुजरते हैं। इससे सड़कें टूट रही हैं, धूल का प्रदूषण बढ़ गया है और लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। कई बार प्रशासनिक निर्देशों के बावजूद ओवरलोडिंग जारी बताई जा रही है। यह घटना असोथर नगर पंचायत क्षेत्र के रामनगर कौहन पुल समेत आसपास के इलाकों में हुई, जहां ट्रकों की आवाजाही दिन–रात बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई



नहीं हो रही, जिससे आक्रोश बढ़ गया। ग्रामीणों ने मांग किया कि ओवरलोड ट्रकों पर सख्ती से रोक लगाई जाए, खदानों से आने वाले वाहनों की जांच हो, सड़कों की मरम्मत और धूल नियंत्रण के उपाय किए जाएं। पुलिस ने फिलहाल स्थिति नियंत्रण में बताई है, लेकिन ग्रामीण चेतावनी दे रहे हैं कि अगर समस्या नहीं सुलझी तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# एफआरएस के जरिए पोषाहार का शत-प्रतिशत कराएं वितरण : डीएम

## - अभियान चलाकर बच्चों की हाइट व वेट की कराएं माप

## - जिला पोषण समिति की डीएम ने ली समीक्षा बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला पोषण समिति की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र



सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने कार्यक्रम विभाग से संचालित कार्यों एवं गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा कर संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्भवती, धात्री, महिलाओं, बच्चो को पोषण का वितरण ससमय एफआरएस के माध्यम से कराना सुनिश्चित कराया जाये। विजयीपुर, खजुहा, एफआरएस के माध्यम से पोषाहार के वितरण की प्रगति धीमी पाए जाने पर सम्बन्धित सीडीपीओ चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केन्द्रों को ऑपरेशन कायाकल्प के तहत सभी संकेतांको से संतृप्त किया जाय। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं से संबंधित प्रोत्साहन राशि की फीडिंग पीएमएफएस पोर्टल पर ससमय फीड कराए। मलवां, विजयीपुर, धाता, हंसवा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं से संबंधित प्रोत्साहन राशि की फीडिंग पीएमएफएस पोर्टल की प्रगति धीमी पाए जाने पर सम्बन्धित सीडीपीओ का वेतन जब तक आहरित न किया जाए जब तक पीएफएमएस पोर्टल पर फीडिंग शत प्रतिशत न हो जाए, साथ ही किस कारण से फीडिंग नहीं हो पाई का कारण बताए, के निर्देश सम्बन्धित को दिए। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य चरणबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण ढंग से जल्द से जल्द कराना सुनिश्चित करे। कुपोषित व अतिकुपोषित बच्चो का चिन्हांकन करते हुए बच्चों को समय से पोषाहार व अन्य सुविधाएं मुहैया कराए और निगरानी बनाए रखें। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि कार्ययोजना बनाकार 15 दिनों में सभी परियोजनाओं में सम्बन्धित क्षेत्र के सभी बच्चों का हाइट, वेट की माप, सही से कराई जाय एवं रिपोर्ट से भी अवगत कराए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, डीसी मनरेगा, बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी, सीडीपीओ सहित संबंधित उपस्थित रहे।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र अशवनी कुमार पाल का जन्म दिनांक 15.10.2008 को घर पर हुआ था। माता का नाम चुन्नी देवी है। अज्ञानतावश मेरे पुत्र का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। चुन्नी देवी पत्नी स्व0 पन्ना लाल निवासी ग्राम मंझूपुर विकास खण्ड तेलियानी तहसील व जिला फतेहपुर।

### सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरी माता पार्वती की मृत्यु दिनांक 16.01.2023 को घर पर हुई थी। अज्ञानतावश मेरी माता का मृत्यु पंजीकरण रजिस्ट्रर में नाम दर्ज नही करा सका था। प्रार्थी को मृत्य प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। मृत्य प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की होगी। शिव चरण सिंह पुत्र स्व0 घसीटे सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट छिछिनी विकास खण्ड हसवा तहसील व जिला फतेहपुर।

# डिप्रेशन से जूझ रहे अंग्रेजी प्रवक्ता ने की आत्महत्या

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली कस्बे के मोहल्ला कुंवरपुर रोड बनारसी धाम निवासी अंग्रेजी प्रवक्ता रमाशंकर (54) ने शुक्रवार को अपने घर में आत्महत्या कर ली। वह खजुहा कस्बा स्थित पुरुषोत्तम इंटर कॉलेज में अंग्रेजी के प्रवक्ता थे। मूल रूप से शेखपुर थाना कासमागंज, गाजीपुर के रहने वाले रमाशंकर ने काफी



समय पहले बिंदकी में अपना मकान बनवाया था। उनकी पत्नी ह्रदेश कुमारी सरकंडी गांव स्थित कंपोजिट विद्यालय में शिक्षिका हैं। दंपती के तीन बच्चे हैं। परिजनों के मुताबिक, रमाशंकर काफी दिनों से शुगर की बीमारी से पीड़ित थे और डिप्रेशन में चल रहे थे। उन्होंने करीब चार दिन से स्कूल से छुट्टी भी ले रखी थी। शुक्रवार को पत्नी स्कूल गई थीं और बच्चे पढ़ने गए थे। दोपहर बाद जब बच्चे घर लौटे तो पिता को लहूलुहान हालत में पाया। कमरे में खून फैला था। मोहल्ले के लोगों की मदद से परिजनों को सूचना दी गई। रमाशंकर को जीवित होने की आशा में दोपहर करीब तीन बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ओम घाट में मारपीट किए जाने का आरोप

## – घायल वृद्ध का अस्पताल में चल रहा उपचार

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ओम घाट भिटौरा में एक वृद्ध के साथ मारपीट हो गई। जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित ने मारपीट किए जाने की थाना प्रभारी को तहरीर दी है। दी गई तहरीर में पीड़ित सुखराज पुत्र स्व0 भोला ने बताया कि वह पांच साल से ओम घाट में रह रहा था। घाट के महंत विज्ञानानन्द से गुरूदीक्षा भी लिया था। उन्हीं की आज्ञा से कुटी नं0 1 में रहता था। गुरूवार की सुबह वह कुटी में ताला डालकर ओम घाट से बाहर आया। तभी लगभग नौ बजे जब वह कुटी वापस गया तो देखा कि कुटी का ताला खुला है कुटी में योगानन्द मौजूद था। योगानन्द के पास कुटी की दूरी चाभी रहती थी। वह पानी वाली मोटर का स्टार्टर चलाने गया था। उसके पास पैंतालीस सौ रूपए थे। गद्दे के नीचे रखे पैसे चोरी हो गए थे। योगानंद से पैसे निकालने की बात पूछी तो वह मना करने लगा और आग बबूला हो गया। लात–घूसों से मारापीटा। जिससे वह घायल हो गया। महंत विज्ञानानन्द से शिकायत की तो वह भी अपशब्द करने लगे और योगानन्द से उसका सामान ओमघाट के बाहर फिकवा दिया। तब उसने अपनी पुत्री गीता देवी निवासी फतेहपुर को इसकी जानकारी दी। तब पुत्री ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित ने थाना प्रभारी से मेडिकल जांच कराकर दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की।

# हादसे में घायल युवक की उपचार दौरान मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मवई के समीप चार दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल 26 वर्षीय युवक की इलाज के दौरान कानपुर में मौत हो गई। बताते चलें कि थाने के बरौंहा गांव निवासी स्व0 राम प्रकाश का पुत्र अरूण कुमार 12 अप्रैल को बाइक से शहर आ रहा था। जब वह मवई के समीप पहुंचा तभी तेज रतार ई–रिक्शा ने बाइक में टक्कर मार दिया था। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय से हालत गंभीर देखते हुए कानपुर मेडिकल कालेज हेतु रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान गुरूवार की देर षाम उसकी मौत हो गई। परिजन षव लेकर वापस गांव आ गए और पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाद मृतका की पत्नी सुशीला का रो–रोकर बुरा हाल है। मृतक की एक माह पूर्व शादी हुई थी।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थिनी समीम अनीस खान का जन्म दिनांक 19.07.1978 को घर पर हुआ था। माता का नाम स्व0 खातून बेगम है। पिता का नाम स्व0 महताब खान है। अज्ञानतावश समीम अनीस खान का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। समीम अनीस खान जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। समीम अनीस खान पत्नी अनीस खान निवासी मोहल्ला शीरगंज कस्बा व थाना ललौली विकास खण्ड असोथर तहसील व जिला फतेहपुर।



# घरेलू कलह के चलते महिला ने लगाई फांसी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चतनपुर में घरेलू कलह के चलते 30 वर्षीय महिला ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार चतनपुर गांव निवासी शैलेन्द्र ओमर की पत्नी नीतू देवी ने घरेलू कलह के चलते घर के अंदर पंखे के हुक से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

# मासूम को टैंकर ने रौंदा, मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जाफराबाद बांदा–सागर रोड पर सड़क किनारे खेल रही चार वर्षीय मासूम बच्ची को तेज रतार टैंकर ने रौंद दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जाफराबाद गांव निवासी मोनू साहू की पुत्री श्रेजल घर के बाहर रोड किनारे खेल रही थी। तभी विपरीत दिशा से तेज रतार टैंकर ने बच्ची को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक मौके से भाग जाने में कामयाब रहा। सूचना पाकर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# गंगा नदी से युवक का शव बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर घाट में पुलिस ने 19 वर्षीय युवक का शव नदी से बरामद किया है। जानकारी के अनुसार बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के तेंदुली गांव निवासी मनोज कुमार शुक्ला का पुत्र सुमित कुमार शुक्ला दोस्तों के साथ सुल्तानपुर घाट गंगा स्नान करने आया था। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया। इसकी जानकारी जब पास–पड़ोस के लोगों को हुई तो उसकी तलाश में जुट गए। गोताखोरों की पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को मिलेगा नया आयाम

## - संसद व राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने का एक ऐतिहासिक कानून

## - यह अधिनियम बदलते व विकसित भारत की एक झलक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विकास भवन सभागार में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के .ष्टिगत जनपद की प्रतिष्ठित महिलाओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि भारत विष्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, जहां सभी वर्गों को समान अवसर प्रदान करने की व्यवस्था है। फिर भी लंबे समय तक राजनीति व निर्णय–निर्माण की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी अपेक्षा.त कम रही। महिलाओं को समाज, शिक्षा, प्रशासन और राजनीति में उचित प्रतिनिधित्व दिलाने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने नारी वंदन अधिनियम 2023 पारित किया। यह अधिनियम महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम माना जा रहा है। नारी वंदन अधिनियम के अंतर्गत लोकसभा व राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटों का आरक्षण सुनिश्चित किया गया है। इसका उद्देश्य केवल महिलाओं को सीट देना



नहीं, बल्कि उन्हें नेतृत्व, नीति निर्माण और शासन व्यवस्था में सक्रिय भागीदारी प्रदान करना है। यह आरक्षण अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं के लिए भी उप–आरक्षण के रूप में लागू होगा, जिससे समाज के सभी वर्गों की महिलाओं को समान अवसर प्राप्त हो सकें। इस अधिनियम का एक महत्वपूर्ण प्रावधान यह है कि इसे आगामी जनगणना और परिसीमन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद लागू किया जाएगा। प्रारंभिक रूप से यह व्यवस्था 15 वर्षों के लिए लागू रहेगी। आवश्यकता पड़ने पर भविष्य में इसकी अवधि बढ़ाई भी जा सकती है। इस कानून का सबसे बड़ा उद्देश्य महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को बढ़ाना है। जब महिलाएं संसद और विधानसभाओं में अधिक संख्या में पहुंचेगी, तब उनकी समस्याएं, आवश्यकताएं और .ष्टिकोण भी नीतियों में बेहतर रूप से शामिल होंगे। महिला सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पोषण, मातृत्व सुविधाएं, बालिका कल्याण जैसे विषयों पर अधिक संवेदनशील और प्रभावी निर्णय लिए जा सकेंगे। नारी वंदन अधिनियम केवल आरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक परिवर्तन का माध्यम भी है। इससे समाज में यह संदेश जाएगा कि महिलाएं केवल परिवार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे देश के नेतृत्व में भी समान रूप से सक्षम हैं। यह नई पीढ़ी की बालिकाओं और युवतियों को प्रेरणा देगा कि वे भी राजनीति, प्रशासन और सार्वजनिक जीवन में आगे बढ़ें। इस अधिनियम का लोकतंत्र पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। लोकतंत्र तभी मजबूत होता है, जब समाज के सभी वर्गों की समान भागीदारी हो। महिलाओं की बढ़ती उपस्थिति लोकतांत्रिक व्यवस्था को अधिक समावेशी, संवेदनशील और प्रतिनिधिक बनाएगी। इससे संसद और विधानसभाओं में विचारों की विविधता बढ़ेगी तथा निर्णय अधिक संतुलित और जनहितकारी होंगे। इस अवसर पर डा0 किरन सिंह, डा0 हरितिमा, डॉ0 शिवानी, एडवोकेट मनीषा गुप्ता, एडवोकेट साधना मिश्रा सहित जनपद की अन्य प्रतिष्ठित महिलाएं मौजूद रहे।

# श्री शिवशंकर अग्रहरि मां सुन्दरी इंटर कॉलेज में हुआ वार्षिकोत्सव

## – मेधावी छात्र–छात्राएं सम्मानित, नव प्रवेशित बच्चों को वितरित की पठन–पाठन सामग्री

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। श्री शिवशंकर अग्रहरि मां सुन्दरी इंटर कॉलेज नवाबगंज कोतला में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया और नव प्रवेशित बच्चों को पठन–पाठन सामग्री वितरित की गई। स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्.तिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें स्वागत गीत और मां सरस्वती की वंदना की बेहतरीन प्रस्तुति शामिल थी। कार्यक्रम में बच्चों की प्रस्तुतियों को अभिभावकों और क्षेत्रवासियों ने खूब सराहा। उन्होंने कहा कि विद्यालय बच्चों के



सर्वांगीण विकास के लिए लगातार कार्य कर रहा है। उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को समाजसेवी जितेंद्र उर्फ जीतू ने साइकिल बैग, कॉपी, किताब, पेन, पेंसिल सहित पठन–पाठन सामग्री और शील्ड देकर सम्मानित किया। नव प्रवेशित बच्चों को भी बैग, पेन, पेंसिल जैसी सामग्री वितरित की गई। नर्सरी से अनुराग, एलकेजी से साहिल व यूकेजी से मोहसिन ने अपनी–अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार, कक्षा 6 की सानिया, कक्षा 7 के अल्पेश, कक्षा 8 के अब्दुल रहमान, कक्षा 9 की अल्फिया बानो और कक्षा 11 की संध्या देवी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर महेंद्र सिंह यादव, अनिल यादव, पप्पू यादव, करन यादव, जयसिंह यादव, देशराज मौर्य, रामू गौतम, अजय गौतम, धर्मेंद्र यादव, मुकेश यादव, लवकुश यादव, धनकेश यादव, रामू यादव, दीपांशु यादव, अवधेश मौर्य, माताबदल साहू, भूल्लू यादव, राहुल यादव, महेश यादव, अंजुम, आयुष गुप्ता सहित कई अभिभावक और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# कानपुर देहात: भैंस के हमले से किसान गंभीर घायल

## –दीवार से दबाकर किया जख्मी, अस्पताल में भर्ती

संवाददाता कानपुर। देहात के राजपुर कस्बे में एक किसान को भैंस ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। भैंस ने किसान को दीवार से दबा दिया, जिससे उसे कई चोटें आईं। घायल किसान को राजपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। यह घटना शुक्रवार को राजपुर कस्बे के पटेल नगर में हुई। 52 वर्षीय कमरुल हसन अपनी भैंस को चारा खिलाने के लिए एक जगह से दूसरी जगह बांध रहे थे। इसी दौरान भैंस ने अचानक सींग मारकर उन्हें नीचे गिरा दिया और काफी देर तक अपने सींगों व शरीर से दबाए रखा। किसान के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने लाठी–डंडों की मदद से भैंस को वहां से हटाया। इसके बाद घायल कमरुल हसन को तुरंत राजपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर जी पी द्विवेदी ने कमरुल हसन का इलाज शुरू किया। डॉक्टरों के अनुसार, उनके एक अंगूठे में गंभीर चोट आई है, जो बुरी तरह फट गया है। इसके अलावा, उनकी पीठ और पसलियों में भी गंभीर चोटें लगी हैं। घायल किसान कमरुल हसन ने बताया कि वह रोजाना की तरह भैंस को खोलकर चारा खिलाने के लिए दूसरी जगह बांध रहे थे, तभी भैंस ने अचानक उन पर हमला कर दिया और उन्हें घायल कर दिया।

# मुठभेड़ में शातिर चोर गिरफ्तार, फायरिंग कर भागने का प्रयास

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत बिंदकी कोतवाली पुलिस को एक



बड़ी सफलता हाथ लगी है। चोरी की घटना में वांछित एक शातिर अभियुक्त को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरतार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त ने पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग भी की, लेकिन पुलिस की सतर्कता और सूझबूझ के चलते उसे पकड़ लिया गया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी बिंदकी के नेतृत्व में थाना बिंदकी पुलिस टीम द्वारा 17 अप्रैल की रात संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ठठरही स्थित शंकर जी के मंदिर से चोरी किए गए सामान के साथ एक व्यक्ति खजुहा नहर पुलिया के पास मौजूद है और उसे बेचने की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही अभियुक्त घबरा गया और नहर पटरी के किनारे झाड़ियों में छिपने लगा। इसी दौरान उसने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। जवाब में पुलिस टीम ने संयम रखते हुए घेराबंदी की और अभियुक्त को भागने से रोकने के लिए पीछा किया। अंततः सरकंडी रोड स्थित एक नीम के पेड़ के पास उसे पकड़ लिया गया। गिरतार अभियुक्त की पहचान रिजवान पुत्र मो. सईद निवासी मोहल्ला मुगलाही थाना बिंदकी के रूप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से चोरी किया गया धार्मिक एवं अन्य सामान बरामद किया है जिसमें 01 पीतल का घंटा, 02 पीतल की घंटियां, 01 तांबे का सर्प (दो भागों में), 01 तमंचा 12 बोर, 01 खोखा कारतूस 01 जिंदा कारतूस, पंखा बेचने से प्राप्त 360 नकद शामिल है। गिरतारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना बिंदकी में पंजी.त मुकदमा संख्या 119/2026 में भारतीय न्याय संहिता की धारा 109, 317(2) तथा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोतरी की गई है। अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। गिरतार अभियुक्त रिजवान पूर्व में भी कई आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है। उसके खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम सहित चोरी से जुड़े कई मुकदमे दर्ज हैं, जो उसकी आपराधिक प्रवृत्ति को दर्शाते हैं। गिरतारी करने वाली पुलिस टीम में बिंदकी कोतवाली के उ0नि0 राजनारायण नायक, उ0नि0 अरविंद कुमार, कांस्टेबल जितेंद्र कुमार, शिव प्रकाश पाल, अखंड प्रताप सिंह, अरविंद सिंह एवं उमेश कुमार की अहम भूमिका रही।

# युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सकूलपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में 23 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उपचार के लिए अस्पताल ला रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार सकूलपुर गांव निवासी स्व0 रामबाबू का पुत्र राजू उर्फ शत्रुघन संदिग्ध अवस्था में घर में ही जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल ला रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

# डीजी रेलवे ने किया आनंद नगर और बस्ती जीआरपी थाने का औचक निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिए कड़े निर्देश



संवाददाता गोरखपुर। घ्पुलिस महानिदेशक (डीजी) रेलवे, प्रकाश डी, ने गुरुवार को अनुभाग के अंतर्गत जीआरपी थाना आनंद नगर और जीआरपी थाना बस्ती का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ पुलिस अधीक्षक रेलवे लक्ष्मी निवास मिश्र, पुलिस उपाध्यक्ष रेलवे (बलिया) सवि रत्न गौतम और पुलिस उपाध्यक्ष रेलवे विनोद कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। घ्अभिलेखों और सुरक्षा व्यवस्था की जांच घ्निरीक्षण के दौरान प्रकाश डी ने थानों के महत्वपूर्ण हिस्सों जैसे मालखाना, शस्त्रागार, हवालात और महिला हेल्प डेस्क का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने थाना अभिलेखों के रखरखाव की स्थिति देखी और लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि यात्री सुरक्षा और अपराध नियंत्रण में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। घ्थानों के निरीक्षण के बाद डीजी रेलवे ने आनंद नगर और बस्ती स्टेशन परिसर के प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग और वेटिंग हॉल का पैदल भ्रमण किया। उन्होंने यात्रियों के सुरक्षित आवागमन और सुविधाओं को परखते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। बेहतर कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें नकद पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया। घ्डीजी रेलवे ने यात्रियों और आम जनता से अपील की है किरू घ्किसी भी अपरिचित व्यक्ति से खाने–पीने की वस्तु न लें। घ्यात्रा के दौरान अपने बच्चों और सामान पर विशेष नजर रखें। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या लावारिस वस्तु की सूचना तत्काल जीआरपी या आरपीएफ को दें।

# महिला सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता, 24 घंटे पुलिस तत्पर : अभिमन्यु

## - महिला सशक्तिकरण विषयक जनपदीय कांफ्रेंस में बोले एसपी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में मिशन शक्ति अभियान फेज 5, द्वितीय चरण के अंतर्गत पुलिस लाइन के सम्मेलन कक्ष में महिला सशक्तिकरण विषयक जनपदीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व आत्मनिर्भरता के प्रति जन–जागरूकता बढ़ाना तथा समाज के विभिन्न वर्गों को इस अभियान से जोड़ना रहा। एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की आधारशिला है। उन्होंने बालिका शिक्षा, महिला सुरक्षा, स्वावलंबन और रोजगार से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इन योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति तक पहुंचाना जरूरी है। उन्होने शिक्षकों, अभिभावकों, व्यापारियों और प्रशासन सहित समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वे महिलाओं के प्रति सकारात्मक .ष्टिकोण अपनाएं और उनके अधिकारों की रक्षा में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि महिला सुरक्षा जनपद पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और पुलिस इस दिशा में चौबीस घंटे सात दिन प्रतिबद्ध है। एसपी ने महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, साइबर क्राइम सेल, एंटी रोमियो स्क्वॉड और मिशन शक्ति टीम की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं और छात्राओं से अपील की कि किसी भी आपात स्थिति में बिना संकोच पुलिस से संपर्क करें। साथ ही निर्देश दिए कि मिशन शक्ति टीम स्कूलों, कॉलेजों, कार्यालयों, बाजारों और अन्य संस्थानों में जाकर महिलाओं से संवाद करे और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करे। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन प्रगति यादव ने मिशन शक्ति अभियान की कार्यप्रणाली और महिला सुरक्षा से जुड़े प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान



परिवार परामर्श केंद्र की टीम को टूटते परिवारों को जोड़ने और पारिवारिक विवादों के सफल निस्तारण में उत्.ष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिला थानाध्यक्ष संगीता यादव, पुलिस अधिकारीगण, मिशन शक्ति टीम, सामाजिक कार्यकर्ता, महिला संगठन, महिला चिकित्सक, परिवार परामर्श केंद्र, महाविद्यालय प्रतिनिधि, महिला व्यापार मंडल, समाज कल्याण विभाग और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# प्रधान पर मनरेगा के धन के गबन का लगाया आरोप

## - ग्रामीणों ने डीएम से की शिकायत, जांच का मिला आश्वासन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ग्राम प्रधान पर मनरेगा के पैसों का बंदरबांट करने व मजदूरों की जगह जेसीबी से कार्य कराने न आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग किया। शुक्रवार को धाता विकास खंड के ग्रामसभा चांदपुर औढेरा के ग्रामीणों ने कलक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि ग्राम प्रधान मनीषा देवी व प्रधान प्रतिनिधि चंदन सिंह द्वारा हैडपम्प रिबोर, नाली निर्माण, तालाब की खुदाई व सरकारी आवासों में अनियमितताओं व सरकारी पैसों का गबन करने का आरोप लगाते



हुए जांच की मांग किया। डीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि पूर्व में भी उन लोगों द्वारा ग्राम प्रधान द्वारा अनियमितताओं की जांच की मांग को लेकर शिकायती पत्र दिया गया था। बताया कि वर्ष 2022 में ग्राम प्रधान द्वारा गरीबो ग्रामीणों के मनरेगा जॉब कार्ड रद्द करवाकर अपने चाहतों के कार्ड बनवाये गये थे। बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा मनरेगा का कार्य मजदूरों से न करवाकर बल्कि जेसीबी मशीन से करवाकर उसका पैसा हड़प लिया गया। ग्राम प्रधान पर ग्रामसभा में विकास कार्य की अनदेखी किये जाने के साथ साथ सरकारी धन के बंदरबांट का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग किया। वही ग्रामीणों की शिकायत पर जिलाधिकारी ने जांच करने तत्पश्चात कार्रवाई का आष्वासन दिया है। इस मौके पर मो. अशफाक, उत्तम कुमार, भोला आदि रहे।

# फर्जी लोन पास न करने पर बैंक मैनेजर पर जानलेवा हमला, तीन आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता लखीमपुर खीरी। सदर कोतवाली क्षेत्र में स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई सदर कोतवाल क्राइम रविंद्र पांडे के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार, आरोपियों द्वारा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लोन पास कराने का प्रयास किया जा रहा था। शाखा प्रबंधक द्वारा लोन को फर्जी बताते हुए पास करने से इनकार कर दिया गया, जिससे नाराज होकर दबंग आरोपियों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मनीष नायक, शिवम वर्मा और शैलेश वर्मा उर्फ छोटू के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त सिल्वर रंग की स्विफ्ट कार (न्‍32च्‍6784) भी बरामद की है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।


**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या :-** 03-विद्युत/सा0/प्रयागराज/26-27 **दिनांक-** 15.04.2026

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत् अभियंता (सामान्य) उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा दिनांक-08.05.2026 समय 15:00 बजे तक आमंत्रित करते हैं निविदा सम्बंधित विस्तृत विवरण निम्नलिखित है -

| | | |
|---|---|---|
| **क्रम सं.**1 | **निविदा सूचना संख्या:** ELG-13-2627 | **काम की लागत (₹ में):** ₹ 4317648.45 |
| **कार्य का नाम:** ''प्रयागराज मंडल के अंतर्गत शाखा लाइनों पर स्थित 10 मध्य-खंडीय गैर-इंटरलाक्ड एलसी गेटों के इंटरलाकिंग'' से संबंधित विद्युत् कार्य। | | |
| **बिड सिक्योरिटी (₹ में):** ₹ 86400.00 | **कार्य समाप्त करने की अवधि:** 06 माह | |
| **निविदा खुलने की तिथि:** 08.05.2026, **समय** -15:00 बजे। | | |

**नोट :-** 1. उपरोक्त ई-टेंडर के साथ पूरी जानकारी (निविदा दस्तावेज़ के साथ) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर **15:00** बजे निविदा खोलने की तिथि तक उपलब्ध है। **839/26(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )